आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक

# उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 136 | हापुड़, मंगलवार 03 दिसंबर 2024 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06

## टोल वसूली भाजपाइयों के जेब में न जाकर सड़क के गड्ढे भरने और रखरखाव में काम आए - अखिलेश यादव



लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रोड सेफ्टी के बहाने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि टोल वसूली भाजपाइयों के जेब के गड्ढे न भरकर सही में सड़क के गड्ढे भरने और रखरखाव में काम आए। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया के माध्यम से रोड सेफ्टी कार्यक्रम की तस्वीर शेयर करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने लिखा कि रोड सेफ़्टी' मतलब 'सड़क सुरक्षा' कार्यक्रम में 80 प्रतिशत दुर्घटनाओं के मूल कारण में भ्रष्टाचार होता है। अगर पीडब्ल्यूडी में करप्शन खत्म हो जाए तो सड़क सही बनेंगी, चेतावनी चिन्ह सही होंगे। स्पीड ब्रेकर बनेंगे, गाड़ी बेक्रर नहीं। उन्होंने आगे लिखा कि अगर आरटीओ में करप्शन खत्म हो जाए तो सही गाड़ियां ही चलेंगी, अनफिट नहीं। सही में गाड़ी चलाना सीखे हुए लोगों को ही ड्राइविंग लाइसेंस मिलेगा। अगर ट्रैफिक पुलिस में करप्शन खत्म हो जाए तो वो चौराहों पर खड़े होकर नियमों का पालन करवाएंगे, न कि कोने में छिपकर नियम तोड़ने का इंतज़ार करेंगे। अब तो गूगल पर किसी और नंबर पर पैसे से ले लेते हैं। भाजपा राज में डिजिटल इंडिया का ये अजब इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने लिखा कि सबसे बड़ी बात ये है कि अगर टोल वसूली भाजपाइयों के जेब के गड्ढे न भरकर सही में सड़क के गड्ढे भरने और रखरखाव में काम आए और सत्ता में बैठे लोग अगर ज़रा भी ईमानदारी बरतते हुए टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल करें तो मीडिया को रोड सेफ्टी पर कार्यक्रम नहीं करने पड़ेंगे और सच्चे मीडिया वाले संविधान सेफ्टी, लोकतंत्र सेफ्टी, सामाजिक न्याय सेफ्टी, जस्टिस सेफ्टी समानता सेफ्टी और मीडिया सेफ्टी जैसे दूसरे विषयों पर भी कुछ ऐसे प्रोग्राम कर सकेंगे। सपा मुखिया ने लिखा कि रोड सेफ़्टी' के लिए ट्रैफ़िक नियमों को बचपन से ही पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर, उनमें जीवन के मूल्य के लिए चेतना जगाकर, जनता को रचनात्मक तरीके से समझाकर ही सार्थक परिणाम निकाले जा सकते हैं।

## महाकुंभ - यूपी में अब 75 नहीं, 76 जिले होंगे, अधिसूचना जारी

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में अब 75 नहीं, बल्कि 76 जिले होंगे। इस संबंध में प्रयागराज जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ की तरफ से यह अधिसूचना जारी की गई। नए जिले का नाम महाकुंभ मेला होगा। प्रदेश में कुंभ और अर्ध कुंभ के मौके पर नए जिले के संबंध में अधिसूचना जारी करने की परंपरा रही है। महाकुंभ मेला जिले में पूरा परेड क्षेत्र और चार तहसीलों सदर, सोरांव, फूलपुर और करछना के 67 गांव शामिल हैं। महाकुंभ मेला जिले के जिलाधिकारी विजय किरन आनंद होंगे। वहीं राजेश द्विवेदी को एसएसपी बनाया गया है।

अधिसूचना में जिलाधिकारी को उनके कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया है। यह कदम महाकुंभ के सुचारू संचालन के लिए उठाया गया है, ताकि महाकुंभ के संबंध में की जा रही किसी भी तैयारी में कोई बाधा ना आए। प्रयागराज के चार तहसीलों को अलग करके एक नया जिला बनाया गया है, जो महाकुंभ तक अस्तित्व में रहेगा। अधिसूचना में कहा गया है कि तहसील सदर के 25 गांव, तहसील सोरांव के तीन गांव, तहसील फूलपुर के 20 गांव और करछना तहसील के 19 गांव शामिल किए गए हैं। बता दें कि 13 जनवरी से लेकर 26 फरवरी तक कुंभ मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस महाकुंभ मेले में कुल छह शाही स्नान होंगे। मेले को लेकर सभी तैयारियां जोरों शोरों से जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद सभी तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को प्रयागराज जाएंगे। प्रधानमंत्री के प्रयागराज दौरे को लेकर सभी तैयारी पूरी की जा चुकी है। इस दौरान प्रधानमंत्री गंगा पूजन से महाकुंभ के आयोजन का शुभारंभ करेंगे। महाकुंभ का पहला शाही स्नान 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन होगा। उल्लेखनीय है कि 12 साल में एक बार महाकुंभ मेले का आयोजन किया जाता है।

## महबूबा मुफ्ती देशद्रोह की बातें करती हैं -विश्वास सारंग



भोपाल । खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि जिस तरह से अपने देश में अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं, उससे यह साफ जाहिर होता है कि मौजूदा समय में भारत और बांग्लादेश के बीच अब कोई अंतर नहीं रह गया है। महबूबा के इसी बयान पर अब विश्वास सारंग ने पलटवार करते हुए कहा, महबूबा मुफ्ती हर समय देशद्रोह की बातें ही करती हैं। इस देश में मुस्लिम समाज पूरी तरह से अपने अधिकार के साथ रहता है। हिंदुस्तान में इतने मुस्लिम रहते हैं, जितना की इंडोनेशयिा को छोड़कर दुनिया के किसी भी मुस्लिम देश में नहीं रहते होंगे। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में जो हो रहा है, वो शर्मनाक है। इस तरह की स्थिति को कहीं पर भी सहन नहीं किया जाएगा। आश्चर्य होता है कि ये लोग खाते हिंदुस्तान का, लेकिन, बातें दूसरे देश की करते हैं। मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि देशद्रोह की बातें करना महबूबा मुफ्ती को महंगा पड़ेगा। सारंग ने धर्मांतरण को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, धर्मांतरण के मामलों को लेकर हमारी सरकार पूरी तरह से सख्त है। हम ऐसे मामलों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। धर्मांतरण के मामलों में पुलिस कानून के तहत कार्रवाई करेगी। स्पष्ट निर्देश है कि मध्य प्रदेश में लालच, दबाव या किसी भी तरह से कराए गए धर्मांतरण को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस तरह के मामलों की पुनरावृत्ति न हो। यह सुनिश्चित करना हमारा काम है।

## जनप्रतिनिधियों के समन्वय से कराएं रोड रिस्टोरेशन और जलापूर्ति का काम - सीएम योगी



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत 'हर घर नल से जल' पहुंचाने की परियोजना के कार्यों की थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि हर परियोजना के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं, जो स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर सभी काम समय से पूरा कराएं। सोमवार को 'हर घर जल योजना' की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि 'जल जीवन मिशन' जनहित से जुड़े इन कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। जलापूर्ति के कार्यों के चलते खराब हुई सड़कों के रिस्टोरेशन का काम समय से कराया जाए और जनप्रतिनिधियों से भी आवश्यक मार्गदर्शन लिया जाए। इस आधार पर ही विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं में क्वालिटी हर हाल में सुनिश्चित हो। इसका थर्ड पार्टी सत्यापन भी कराया जाए। साथ ही हर प्रोजेक्ट पर नोडल अधिकारी नियुक्त हों, जो कार्यों की क्वालिटी व समयबद्धता सुनिश्चित करे। जल जीवन मिशन के तहत परियोजना का उद्देश्य है कि लोगों को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो, ऐसी सभी योजनाएं बिना रूकावट के अनवरत चलती रहनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री योगी को 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत सामुदायिक अंशदान के संबंध में अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के तहत 40,951 योजनाएं स्वीकृत हैं। इनकी कुल कार्य लागत 1,52,521.82 करोड़ रुपये है। इसमें केंद्रांश 71,714.68 व राज्यांश 71,714.68 करोड़ रुपये है। 'इन विलेज इंफ्रास्ट्रक्चर' की लागत के सापेक्ष सामुदायिक अंशदान 9,092.42 करोड़ रुपये बनता है। अधिकांश योजनाओं को सोलर आधारित बनाए जाने के कारण कुल लागत में 13,344 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। इसके सापेक्ष केंद्रांश के रूप में 6,338 करोड़ रुपये अतिरिक्त रूप से प्राप्त होगा। अनुरक्षण व संचालन मद में राज्य सरकार की योजना काल में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। सीएम योगी को अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश में 33,229 योजनाएं सौर ऊर्जा पर आधारित हैं। इन पर लगभग 900 मेगावाट के सोलर पैनल लगाए गए हैं। केंद्र सरकार ने इस इनोवेशन को बेस्ट प्रेक्टिसेज के रूप में चिह्नित किया है। सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं के निर्माण के कारण प्रतिवर्ष लगभग 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन कम होगा। बैठक में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री रामकेश निषाद आदि मौजूद रहे।

## आईआरएस ट्रेनी अधिकारियों ने राष्ट्रपति से मुलाकात की, द्रौपदी मुर्मू बोलीं- 'हमेशा ईमानदारी से काम करना होगा'



नई दिल्ली । भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के ट्रेनी अधिकारियों ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय राजस्व सेवा हमारी अर्थव्यवस्था को एक समान कर प्रणाली और साझा प्रशासनिक मूल्यों के माध्यम से जोड़ती है। आईआरएस अधिकारी भारत सरकार, व्यापार और विभिन्न राज्यों के टैक्स कर प्रशासन (टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन) के बीच एक बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में बदलते सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में राष्ट्रीय हित का एजेंडा काफी हद तक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग से तय होता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे देश की आर्थिक सीमाओं के संरक्षक हैं। हमेशा ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करना होगा। दूसरे देशों के साथ व्यापार सुगमता समझौतों में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) देश को आर्थिक विकास, बुनियादी ढांचे के निर्माण, सामाजिक-आर्थिक योजनाओं को चलाने, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए संसाधन उपलब्ध कराती है। इस तरह यह सेवा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपनी भूमिका अच्छे से निभाने के लिए उन्हें ऐसे सिस्टम और प्रक्रियाएं विकसित करने की जरूरत है जो पारदर्शी हो और जवाबदेही हो। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि इस नए और गतिशील युग में कर संग्रह (टैक्स कलेक्शन) में कम हस्तक्षेप और प्रौद्योगिकी का अधिक उपयोग करने की कोशिश की जानी चाहिए। टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन के क्षेत्र में नए विचार और नए समाधान लाने की जिम्मेदारी युवा अधिकारियों पर है। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को सलाह दी कि वे याद रखें कि कराधान केवल देश के राजस्व को बढ़ाने का साधन नहीं है। यह सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। देश के नागरिकों की ओर से दिया जाने वाला टैक्स देश और लोगों के विकास के लिए उपयोग किया जाता है। इसलिए, यदि वे अपना काम लगन और निष्ठा से करेंगे, तो वे देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान दे पाएंगे।

## बांग्लादेश की स्थिति पर ममता ने जताई चिंता, कहा-केंद्र सरकार उठाए स्पष्ट कदम



कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से इसके समाधान के लिए स्पष्ट कदम उठाने की मांग की है। सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या विदेश मंत्री. एस जयशंकर से संसद में इस मुद्दे पर बयान देने की मांग की। साथ ही, ममता ने सुझाव दिया कि केंद्र सरकार बांग्लादेश में शांति स्थापित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र से संपर्क कर शांति सैनिकों की तैनाती सुनिश्चित करे। ममता बनर्जी ने इस स्थिति को देखते हुए कहा कि केंद्र सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार केंद्र के दिशा-निर्देशों का पालन करेगी लेकिन बांग्लादेश में स्थिरता के लिए केंद्र को सक्रिय कदम उठाने चाहिए। गौरतलब है कि बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति अस्थिर है। कुछ महीने पहले बड़े छात्र आंदोलन ने लंबे समय से सत्ता में रहीं प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता छोड़ने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद से हो रही हिंसा में 600 से अधिक लोग मारे गए और देश में अराजकता फैली हुई है। पूरे देश में हिंदू समुदाय पर 200 से अधिक हमले हो चुके हैं। हिंदुओं पर बर्बरता के कई वीडियो सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं जो दिल दहलाने वाले हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में बांग्लादेश शा कार्यभार संभाल रहे हैं। लेकिन वहां की स्थितियों में कोई बदलाव नहीं दिख रखा है।

## प्रधानमंत्री मोदी से असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा ने की मुलाकात



नई दिल्ली । असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें अगले साल 24-25 फरवरी को गुवाहाटी में आयोजित होने वाले असम एडवांटेज 2.0 निवेश और अवसंरचना शिखर सम्मेलन 2025 के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर पोस्ट किया, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, आज नई दिल्ली में मुझे विभिन्न विकासात्मक मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मार्गदर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। असम के लोगों की ओर से मुझे उन्हें फरवरी 2025 में असम निवेशक एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन और मेगा झुमुर प्रदर्शन को आशीर्वाद देने के लिए आमंत्रित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया है।

## केजरीवाल का बड़ा बयान- दिल्ली चुनाव अपने दम पर लड़ेगी आप, कांग्रेस से गठबंधन नहीं



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को आरोप लगाया है कि दिल्ली में 'जंगल राज% है और यहां के लोगों ने अपराध में इस तरह की बढ़ोतरी कभी नहीं देखी। पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने नारायणा में एक परिवार से मुलाकात की, जिसके 2 सदस्यों की 6 महीने के अंतराल में अपराधियों ने हत्या की। उन्होंने कहा कि, हाल में एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी, जबकि उसने स्थानीय अपराधियों से अपनी जान को खतरा होने के डर से पुलिस में शिकायत की थी। केजरीवाल ने यह भी स्प ष्टथ कर दिया कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव 2025 के लिए आप पार्टी का कोई गठबंधन नहीं होगा। आम आदमी पार्टी दिल्लाी के विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेगी, कांग्रेस के साथ उसका कोई गठबंधन करने का इरादा नहीं है। केजरीवाल ने कहा, %नरेश बाल्या न को फंसाया गया है। उन्हेंठ खुद धमकी मिल रही थी। इस बारे में नरेश बाल्या्न ने दिल्लीम पुलिस को कई पत्र लिखे थे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। दरअसल, नरेश बाल्याशन खुद पीड़ित हैं। उन्होंहने कहा कि दिल्लीन की कानून व्यैवस्थाअ खराब होती जा रही है। मुझ पर फेंका गया तरल पदार्थ हानिरहित था, लेकिन यह हानिकारक हो सकता था। केजरीवाल ने संवाददाताओं से कहा कि 6 महीने पहले इस युवक के छोटे भाई की हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि, दिल्ली के लोगों ने कभी भी ऐसी अराजकता और जंगल राज का दौर नहीं देखा। कोई भी किसी की भी हत्या कर सकता है। जब यह पता था कि जिन लोगों ने परिवार के एक सदस्य को मारा, वे किसी और को भी मार सकते हैं, तो उन्हें रोकने के लिए कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई? केजरीवाल ने भाजपा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली के लोगों को सुरक्षा मुहैया कराने की अपील की जो असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था की स्थिति का मुद्दा उठा रही है तथा भाजपा नीत केंद्र सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री पर हमला बोल रही है। केजरीवाल ने कहा कि पूरा नारायणा इलाका स्थानीय अपराधियों के एक ऐसे गिरोह के बारे में जानता है जो निवासियों को आतंकित करते हैं लेकिन पुलिस ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया, ''कल दिल्ली में 3 हत्याएं हुईं।

भाजपा और शाह ने शहर को गुंडों और बदमाशों के भरोसे छोड़ दिया है। भाजपा ने कहा कि वह आप नीत सरकार के भ्रष्टाचार और विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए आपराधिक घटनाओं का हवाला देकर कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठा रहे हैं।

## दिल्ली के प्रथम उपमहापौर - स्वतंत्रता संग्राम सैनानी लाला रामचरण अग्रवाल की 107वीं जयंती मनाई गई

नई दिल्ली । लाला रामचरण अग्रवाल की की 107वीं जयंती पर रामचरण अग्रवाल चौक (आईटीओ) पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। वे दिल्ली के प्रथम उपमहापौर और महान स्वतंत्रता संग्राम सैनानी थे। महात्मा गांधी द्वारा व्यक्तिगत सत्याग्रह के लिए दिल्ली से चुने गए ग्यारह व्यक्तियों में से एक लालाजी थे। उनका जन्म 2 दिसंबर 1917 को हुआ था और उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें स्वाधीनता संग्राम में स्मरणीय योगदान के लिए तत्कालीन राष्ट्रपति फखरूदीन अली अहमद द्वारा ताम्रपत्र से सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर उनके पुत्र और पूर्व डीपीसीसी अध्यक्ष व सांसद जे.पी. अग्रवाल और कई पूर्व विधायक और पार्षदों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व डीपीसीसी अध्यक्ष व सांसद जे.पी. अग्रवाल ने कहा लाला रामचरण अग्रवाल का जीवन और कार्य प्रेरणादायक हैं। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया और दिल्ली के पहले डिप्टी मेयर के रूप में कार्य किया। उनकी विरासत आज भी प्रेरित करती है और उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करना एक सम्मान की बात है। इस अवसर पर एआईसीसी इन्चार्ज दिल्ली कांग्रेस काज़ी निजामुद्दीन, सचिव एआईसीसी दानिश अबरार, डैनी सुखविन्दर, पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, कुंवर करण सिंह, मौ आसिफ, पूर्व निगम पार्षद जीतू कोचर, अनिल कुमार शर्मा, पूर्व ऐल्डरमैन आर बी सिंह, प्रदीप गुप्ता, सत्येन्द्र शर्मा, निगम पार्षद राकेश के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, रामा आर्य, सतीश सैनी, मौ उस्मान, अभय शर्मा, मनोज गुप्ता, हरीश गोला, राजेश गर्ग, सुभाष चौहान, सुरेशवती चौहान, विकास रतन पाल, राष्ट्र टाइम्स के संपादक विजयशंकर चतुर्वेदी ने स्व. श्री रामचरण अग्रवाल को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पूर्व डीपीसीसी अध्यक्ष व सांसद जे.पी. अग्रवाल, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मुदित अग्रवाल ने सभी लोगों को प्रतीकचिन्ह देकर एवं शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया।

# घर से बुकिंग करने पर उप डाक पाल समेत तीन निलंबित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। डाक अधीक्षक ने लखावटी उप डाकपाल को मेल (रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट एवं पार्सल) की बुकिंग में लापरवाही बरतने एवं घर से बुकिंग करने पर निलंबित कर दिया है। साथ ही उप डाकखाने के एक बाबू और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को भी निलंबित किया है। फिलहाल गुलावठी डाक सहायक को अतिरिक्त चार्ज सौंप दिया हैं। अमर सिंह महाविद्यालय परिसर में कई वर्षों से उप डाकखाना संचालित हैं। डाकखाने में उप डाकपाल समेत अन्य कर्मियों की कार्य में लापरवाही को लेकर समय-समय पर शिकायत मिलती रहती है। पूर्व में क्षेत्र के लोगों ने डाक इंस्पेक्टर से भी कई बार शिकायत की लेकिन नजर अंदाज कर दिया गया। डाक अधीक्षक ने बीते दिनों उप डाकखाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप डाकखाने में कई खामियां और उप डाकपाल की लापरवाही मिली। डाक अधीक्षक युवराज सिंह ने बताया कि उप डाकखाने में मेल की बुकिंग में लापरवाही बरतने के साथ घर पर भी बुकिंग का कार्य होता मिला। प्रारंभिक जांच में लापरवाही मिलने पर उप डाकपाल राहुल कुमार, बाबू गोपाल और चपरासी जयप्रकाश को निलंबित कर दिया है। मामले की जांच चल रही है। जांच चलने तक सभी कार्यालय से संबद्ध रहेंगे। साथ ही उप डाकखाने का कार्य सुचारू रखने के लिए गुलावठी के डाक सहायक हरीश शर्मा को लखावटी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा हैं। जांच में जो भी लापरवाही मिलती है। विभागीय कार्यवाही कर मुख्यालय पत्र भेजा जाएगा।

# 56 कबूतरों की गर्दन तोड़कर निर्मम हत्या, आरोपी हिरासत में

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। गुलावठी थाना क्षेत्र के गांव सेगड़ापीर चिड़ावक में विगत रात्रि एक ग्रामीण के पल रहे बेजुबान कबूतरों को एक आरोपी युवक ने गर्दन तोड़कर रंजिशन मार दिया। कबूतरों को मारने के बाद आरोपी मृत कबूतरों को पीड़ित के दरवाजे के आगे फेंककर चला गया। ग्रामीण ने आरोपी को नामजद करते हुए थाने में घटना की तहरीर दी है। गांव सेगड़ापीर चिड़ावक निवासी अतहर खान ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसे कबूतर पालने का शौक है और उसने काफी संख्या में कबूतर पाल रखे हैं। अतहर के अनुसार गांव सुतरी निवासी एक युवक गांव में अपनी रिश्तेदारी में रह रहा है और वह आरोपी भी कबूतर पालता है। कबूतरों के शौक के कारण वह उससे रंजिशन रखता है। इसी के चलते आरोपी ने रात में एक निर्माणाधीन मकान के रास्ते उनके मकान की छत पर आ गया और छत पर पाल रखे कबूतरों की गर्दन तोड़कर उन्हें मार दिया। कुल 56 कबूतरों को आरोपी ने मारा और उन्हें मारने के बाद छत से उतारकर उसके दरवाजे के आगे डालकर चला गया। 56 कबूतरों की कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है। अतहर के अनुसार आरोपी ने करीब छह माह पूर्व भी उसके कबूतर चोरी किए थे। लेकिन उस समय आरोपी ने माफी मांग ली थी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। सीओ0 ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली में राशन डीलरों की मनमानी कटौती चरम पर है

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। औरंगाबाद सार्वजनिक वितरण प्रणाली में राशन डीलरों की मनमानी कटौती चरम पर है । शासन ने प्रति यूनिट पांच किलो ग्राम राशन वितरण के आदेश जारी किए हुए हैं लेकिन किसी जगह चार किलो ग्राम तो किसी जगह साढ़े चार किलो ग्राम प्रति यूनिट राशन वितरण किया जा रहा है पूरा राशन किसी दबंग को मिल जाए तो बात अलग है किसी गरीब व्यक्ति अथवा आम उपभोक्ता को पूरा राशन सपने में भी नहीं मिल सकता हकीकत में तो बिल्कुल भी नहीं। विकास खंड लखावटी अंतर्गत ग्राम भावसी के उपभोक्ताओं को राशन ग्राम पाली बेगपुर के राशन डीलर के यहां से प्राप्त करना पड़ता है क्योंकि गांव भावसी के राशन डीलर की दुकान विभिन्न अनियमितता पाए जाने के चलते निरस्त कर दी गई थी। ग्राम भावसी के उपभोक्ताओं का कहना है कि उक्त राशन डीलर पांच किलो ग्राम के बजाय सिर्फ चार किलो ग्राम राशन ही प्रति यूनिट वितरित कर रहा है। हालांकि सरकार ने राशन कटौती रोकने की गरज से ई पास वेइंग मशीनें डीलरों के यहां लगवाई हुई हैं लेकिन डीलर ने कपड़े में लपेटकर बाट रखे हुए हैं जिनको राशन के साथ रखकर मनमानी कटौती को अंजाम दिया जाता है। ग्राम पंचायत सचिव विभोर मलिक ने बताया कि राशन वितरण में गड़बड़ी की जांच उनके अंडर में नहीं है। केवल पूर्ति निरीक्षक ही जांच पड़ताल कर सकते हैं। पूर्ति निरीक्षक दीपांकर शर्मा ने मामले से अनभिज्ञता जताते हुए जांच करने की बात कही है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच के नाम पर खानापूर्ति कर दी जाती है। यदि किसी उच्च अधिकारी सीधे उपभोक्ताओं से संपर्क कर जांच करे तो डीलरों की धांधली पर से पर्दा उठते देर नहीं लगेगी।

# नगर निकायवार संचालन समिति गठित की गई

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। बुलंदशहर में छोटी काशी अनूपशहर नगर पालिका परिषद के लिए पी0एम स्वनिधि योजनान्तर्गत नगर निकायवार संचालन समिति गठित की गई जिसकी अध्यक्ष श्रीमती गार्गी त्यागी जी अधिशासी अधिकारी एवं 2 केन्द्र सरकार के नामित सदस्य, प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक बुलंदशहर सदस्य, अधिशासी अधिकारी द्वारा नामित टी0वी0सी से तीन गैर सरकारी प्रतिनिधि श्री विनीत बंसल अध्यक्ष व्यापार मंडल सदस्य, श्री राजू पुत्र ओमप्रकाश प्रसाद पथ विक्रेता सदस्य ,श्री मनोज कुमार गोल्डी समाजसेवी सदस्य, एन0बी0एफ0सी / एम0एफ0आई0 के प्रतिनिधि कट्टशाखा प्रबंधक, इण्डियन बैंक अनूपशहर सदस्य, परियोजना अधिकारी सदस्य बनाया गया

# शोक,श्रद्धांजलि सभा एवं तेरहवीं संस्कार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर में काला आम निकट कलश होटल में परम श्रद्धेय स्वर्गीय लाखन सिंह गुर्जर भट्टे वालों की शोक श्रद्धांजलि सभा में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला मीडिया प्रभारी एवं गोस्वामी सेवा समिति रजिस्टर्ड बुलंदशहर के जिला महामंत्री युगल गोस्वामी, समाजवादी पार्टी के प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेता राम अवतार गिरी भैया जी, भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रसिद्ध उद्योगपति सुनील कुमार रामा जी ने पहुंचकर दिवंगत स्वर्गीय लाखन सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं पीड़ित परिजनों को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें, इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य मुनेश कुमार सिंह नेता जी,जिला उपाध्यक्ष नीरज गोस्वामी, संकल्पना सेवा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुमार भारद्वाज जी,अरविंद गुप्ता ,ठाकुर पुष्पेंद्र सिंह ,संजीव कुमार कौशिक, पूर्व जिला सूचना अधिकारी ओम कुमार भाटी ,किरणपाल सिंह सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

# 22 दिसंबर को होगा मेडिसिन मार्केट में बीसीडीए के दवा व्यापारियों का चुनाव

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। जिला के संगठन बुलंदशहर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (बीसीडीए) के सत्र 23, 24 की अंतिम आम सभा का आयोजन मेडिसिन मार्केट की जगदंबा धर्मशाला में किया गया। जहां वर्तमान पदाधिकारी ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। आमसभा में सर्व सहमति से आगामी 22 दिसंबर को चुनाव की तिथि एवं 14 दिसंबर नामांकन व 15 दिसंबर नाम वापसी की तिथि पास कर घोषणा की गई। सभा ने सर्व सहमति से इस चुनाव को संपन्न करने के लिए चुनाव अधिकारी तय किए गए। सदन ने चुनाव अधिकारी के रूप में नलिन अग्रवाल ,प्रमोद सिंघल, अभिनव वर्मा हिर्देश अग्रवाल,अनुराग जिंदल, पंकज मलिक सुशील गोयल को निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। घोषणा के उपरांत सभी पदाधिकारी ने अपने कार्यकाल का समापन कर मंच सभी चुनाव अधिकारियों को सौंप दिया । जिसके उपरांत चुनाव अधिकारियों ने चुनाव की घोषणा करते हुए आगामी सभी चुनाव प्रक्रिया व चुनकर आने वाले सभी पदाधिकारी के शपथ के संबंध में निष्पक्षता से करने के बारे में जानकारी दी वह बताया की संबंधित प्रदेश संगठन से एक पर्यवेक्षक आएंगे जो चुनाव अधिकारी के साथ मिलकर इस चुनाव को विधिवत रूप से करवाए जाएंगे। सभा में गौरव गर्ग, नीरज अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, देवेंद्र कुमार, आनंद, अग्रवाल, बिशन आर्य, विशाल अरोड़ा, रिजवान अब्बासी, पंकज गुप्ता, जितेंद्र तोमर, अरुण चौधरी ,प्रिंस अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, गर्वित अरोड़ा, नवीन गर्ग आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# एक तरफा प्यार में युवती को दी तेजाब से झुलसाने की धमकी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। अनूपशहर थाना क्षेत्र निवासी एक युवती को गैर समुदाय के युवक ने फोन पर बात न करने पर जान से मारने और मुंह पर तेजाब फेंकने की धमकी दी है। युवती का आरोप है कि आरोपी बीते कई दिनों से उसे परेशान कर रहा है। युवती ने मामले में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि देर शाम तक मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। पुलिस को दी तहरीर में नगर निवासी पीड़ित युवती ने बताया कि उनकी मां मार्केटिंग का व्यवसाय करती हैं। इसके बारे में जानकारी देने के लिए उन्होंने बीते दिनों कस्बा निवासी गैर समुदाय के युवक को अपने घर पर बुलाया था। व्यवसाय संबंधी जानकारी देने के बाद आरोपी सलमान को उसकी मां ने अपना नंबर दे दिया। इसके बाद आरोपी ने फोन मिलाकर उसको परेशान करना प्रारंभ कर दिया और बात करने का दबाव बनाने लगा। युवती का आरोप है कि शनिवार देर शाम को वह जन सेवा केंद्र से टैबलेट वितरण प्राप्ति का फार्म भरकर वापस घर जा रही थी। तभी रास्ते में आरोपी ने उसे बुरी नीयत से पकड़ कर छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। आरोपी ने उसको फोन पर बात न करने पर जान से मारने और मुंह पर तेजाब डालने की धमकी दी। युवती का आरोप है कि बात करने से मना करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और वहां से भाग गया। घर पहुंची युवती ने पूरा घटनाक्रम परिजनों को बताया। इसके बाद परिजन उसको लेकर कोतवाली पहुंचे और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में ट्रेनी सीओ0आयुषी सिंह ने बताया कि पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामले में जांच प्रारंभ कर दी है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# होटल की आड़ में चल रहे थे गोरख धंधे




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। प्रशासनिक अधिकारियों ने गेस्ट हाउस सहित 3 होटल किए सील स्याना में देर रात प्रशासनिक अधिकारियों ने होटल पर छापेमारी कर अभियान चलाया। एसडीम गजेंद्र सिंह व सीओ दिलीप सिंह, कोतवाली प्रभारी प्रेमचंद शर्मा भारी पुलिस बल लेकर नगर में संचालित होटलों में पहुंचे। अलग-अलग नाम से खोले गए होटलों में वेश्यावृत्ति का गोरख धंधा चल रहा था। रविवार की देर रात प्रशासनिक अधिकारियों ने एक गेस्ट हाउस सहित तीन होटल सील कर दिए। बिना परमिशन के संचालित किया जा रहे थे होटल एसडीएम गजेंद्र सिंह ने बताया कि बिना परमिशन लिए होटल संचालित किया जा रहे थे। होटल में गलत काम होने की शिकायतें भी मिल रही थी। एसडीएम ने बताया कि अभी तक तीन होटल सील कर दिए गए हैं। अन्य होटलों के दस्तावेज भी जांचे जाएंगे।

किसी को भी गलत काम नहीं करने दिया जाएगा। पूर्व में भी वायरल हुए थे इन्हीं होटल के वीडियो पूर्व में भी इन्हीं होटल के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। जहां दो युवक और युवती का वीडियो जमकर वायरल हुआ था। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले में कार्यवाही की बात कही थी। एसडीएम गजेंद्र सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल कराई जा रही है। देर रात प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही से हड़कंप मच गया। गेस्ट हाउस नाम से होटल संचालक ताला लगाकर मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने गेस्ट हाउस सहित 3 होटल सील कर दिए।

# दुबई में यतेन्द्र कौशिक के एआई स्टार्टअप को मिली साढ़े तीन करोड़ रुपये की फंडिंग

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




जहाँगीराबाद। युवा टैक उद्यमी यतेन्द्र कौशिक ने दुबई में आयोजित एक्सपैंड नार्थ स्टार समिट में अपने एआई स्टार्टअप, इनोवबोट्स एआई के लिए 1.5 मिलियन एईडी (लगभग 3.45 करोड़ रुपये) की प्री-सीड फंडिंग जुटाई। इस फंडिंग से स्टार्टअप की वैल्यू 12 करोड़ रुपये आंकी गई है। यतेंद्र मूल रूप से जिला बुलंदशहर के कस्बा जहांगीराबाद के निवासी हैं। उन्होंने कक्षा 12 तक की पढ़ाई जहांगीराबाद से ही पूरी की है। उसके बाद उन्होंने अपनी स्नातक दिल्ली विश्वविद्यालय और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में विशेषज्ञता भारतीय प्राद्यौगिकी संस्थान(आई. आई. टी.)रोपड़ से हासिल की। यतेंद्र ने बताया कि इनोव बोट्स एक ऐसी कंपनी है जो उपयोगिता के आधार पर एआई सॉफ्टवेयर डिजाइन कर रही है। इसका उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को दैनिक जीवन और व्यवसायों के लिए सुलभ और सरल बनाना है। इस फंडिंग का उपयोग उत्पाद विकास, टीम विस्तार और वैश्विक स्तर पर पहुंच बढ़ाने के लिए किया जाएगा। यतेन्द्र ने कहा कि यह फंडिंग उनके स्टार्टअप के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। टेकनेट वेंचर्स की सफलता से प्रेरित यतेन्द्र कौशिक केवल इनोवबोट्स एआई के संस्थापक ही नहीं हैं, बल्कि उन्होंने 2021 में टेकनेट वेंचर्स नामक एक सफल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम कंपनी की भी स्थापना की थी। IIT रोपड़ से लेकर दुबई तक का सफर यतेन्द्र ने आईआईटी रोपड़ से अपनी पढ़ाई पूरी की और अपनी उद्यमशीलता की यात्रा की शुरुआत टेकनेट वेंचर्स से की। आज उनके पास एआई और एजुकेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में दो सफल कंपनियां हैं, जो उनकी दृष्टि, मेहनत और नए विचारो की सफलता का प्रमाण हैं। यतेंद्र की मिली इस फंडिंग से उनके परिजनों में भी हर्ष का माहौल है। वहीं समाजसेवी प्रमोद ओझा ने यतेंद्र को बधाई देते हुए कहा कि एक छोटे से कस्बे से निकलकर वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाना अन्य बच्चों को प्रेरणा देने के लिए सबसे उत्तम है।

# थाना अनूपशहर साइबर टीम द्वारा अथक परिश्रम कर 06 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी रोकी गयी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । दिनांक 23-11-2024 को आवेदक अजीत गिरी पुत्र स्व0 सुरेश निवासी ग्राम मोहरसा थाना अनूपशहर जनपद बुलंदशहर द्वारा साइबर हेल्प डेस्क थाना अनूपशहर पर एक शिकायत की गयी जिसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी का व्हाटसएप हैक किये जाने के आरोप अंकित किये गये थे । इस शिकायत पर थाना अनूपशहर साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पता लगाया गया कि वादी द्वारा प्रधानमंत्री योजना.apk नाम की फाइल पर अनजाने में क्लिक हो जाने पर वादी के सभी OTP किसी अन्य नम्बर पर जा रहे थे। किसी अनजान जालसाज व्यक्ति (Fraudster) द्वारा वादी के मोबाइल नम्बर से OTP भेजकर इंटरनेट बैंकिंग व UPI को रिसेट किया जा रहा था। थाना अनूपशहर साइबर टीम द्वारा बैंक से वार्ता कर वादी का बैंक खाता फ्रीज कराते हुए 06 लाख रुपये की ऑनलाइन धोखाधडी होने से रोकी गयी। आवेदक द्वारा आज दिनांक 01.12.2024 को थाना अनूपशहर पर उपस्थित होकर साइबर टीम के कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। सावधान:- किसी अनजान व्यक्ति से खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर इत्यादि साझा न करें। खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरन्त 1930 पर कॉल करें। थाना अनूपशहर साइबर टीम- 1. उ0नि0 यू0टी0 पंकज चौधरी 2. क0आॅ0 सुजीत पुनिया

# सड़क हादसे में एक युवक की मौत दो गंभीर घायल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। स्याना कोतवाली क्षेत्र के गांव चांदपुर पूठी में देर रात तीन मजदूर लखावटी से कम कर घर लौट रहे थे। बाइक सवार मजदूर को अज्ञात वाहन ने साईड मार दी। हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गांव थौना निवासी अमित पुत्र रवि करण उम्र 26 वर्ष, पंकज पुत्र कलवा 35 वर्ष, रवि पुत्र नरेश 18 वर्ष तीनों मजदूरी करने के लिए औरंगाबाद के लखावटी में गए हुए थे। देर रात काम खत्म करने के बाद तीनों बाइक पर सवार होकर गांव लौटने लगे। गांव चांदपुर पूठी में अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को साईड मार दी। हुए हादसे में अमित पुत्र रवि करण उम्र 26 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घायल हुए अन्य दो युवकों का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। साईड लगने के बाद चबूतरे से टकराई थी बाइक उधर ग्रामीणों ने बताया कि अज्ञात वाहन से साईड लगने से बाईक चबूतरे से जा टकराई थी। जिसके चलते चबूतरा भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा इतना भीषण था कि तेज आवाज सुनाई दी। मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। उधर कोतवाली प्रभारी प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि मृतक युवक के परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की कार्यवाही में जुट गई है। अज्ञात वाहन की पहचान कराई जा रही है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# बरेली में इन्वर्टिस विश्वविद्यालय की छात्रा ने की खुदकुशी

बरेली । यहां के इन्वर्टिस विश्वविद्यालय की एक छात्रा ने सोमवार को छात्रावास में फंदे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। थाना बिथरी,चैनपुर के थाना प्रभारी संजय सिंह तोमर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि निहारिका (19) बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी और विश्वविद्यालय परिसर स्थित नर्मदा छात्रावास में रहती थी। उन्होंने कहा कि सोमवार दोपहर उसने कथित तौर पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। तोमर ने बताया कि छात्रा के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। छात्रा के परिजनों को इस घटना की सूचना दे दी गई है।

# कांग्रेसी नेताओं को संभल आने से रोकना अलोकतांत्रिक कृत्य -तौकीर अहमद

लखनऊ । कांग्रेस ने हिंसा ग्रस्त संभल जाने वाले कांग्रेसी नेताओं को पुलिस द्वारा रोके जाने को सोमवार को अलोकतांत्रिक कृत्य करार दिया। संभल में कांग्रेस के नगर अध्यक्ष तौकीर अहमद ने सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा, आज, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को संभल आना था, लेकिन पुलिस हर किसी को संभल आने से रोक रही है। उन्होंने कहा, इससे पूर्व जिला प्रशासन ने 30 नवंबर तक संभल आने पर रोक लगा रखी थी और इससे पहले ही हमने घोषणा की थी कि हमारा प्रतिनिधिमंडल 2 दिसंबर को संभल आएगा। लेकिन अब पुलिस प्रशासन हर किसी को संभल आने से रोक रहा है जोकि लोकतंत्र के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और संभल जिला प्रशासन हिंसा को रोकने में पूरी तरह से विफल रहा। इस बीच, लखनऊ के मॉल एवेन्यू इलाके में प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के बाहर भारी पुलिस तैनात कर अवरोधक लगाए गए हैं। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और पार्टी के अन्य नेताओं को संभल के लिए निकलने का प्रयास करते हुए देखा गया। विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्र ने लखनऊ में विधानसभा के बाहर संवाददाताओं से कहा, संभल की घटना कोई सामान्य घटना नहीं है, बल्कि एक बड़ी घटना है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल तथ्यों का पता लगाने के लिए वहां जाना चाहता था। लेकिन कल रात से मुझे नजरबंद कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख राय सहित हमारी पार्टी के नेताओं को संभल जाने से रोका जा रहा है। मिश्रा ने कहा, यह सरकार की तरफ से पूर्ण अराजकता है। सरकार धारा 163 लगाकर अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास कर रही है और हमें लखनऊ से वहां नहीं जाने दे रही है। उन्होंने कहा कि धारा 163 संभल में लागू है ना कि लखनऊ में। पार्टी प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि अवरोधक कल रात से ही लगाए गए हैं। अजय राय ने सोमवार को कहा, हमने दो दिसंबर को संभल जाने का निर्णय किया था। जनप्रतिनिधियों के संभल में प्रवेश पर रोक 30 नवंबर तक हटाई जानी थी। अब उन्होंने अचानक यह रोक 10 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दी है। सरकार स्पष्ट रूप से अपनी खामियां छिपाना चाहती है। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ लखनऊ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में रात बिताने वाले राय ने कहा, यदि हमें रोका गया तो हम गांधीवादी तरीके से शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करेंगे क्योंकि हम महात्मा गांधी के अनुयायी हैं।

संभल से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क समेत कई सपा सांसदों और विधायकों को शनिवार (30 नवंबर) को हिंसा ग्रस्त संभल जाने से रोक दिया गया था। जिला प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक 10 दिसंबर तक बढ़ा दी।

अदालत के आदेश पर संभल स्थित शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान 24 नवंबर को शहर में हिंसा भड़क गई थी जिसमें चार लोगों की मृत्यु हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह सर्वेक्षण उस याचिका से जुड़ा है जिसमें दावा किया गया है कि इस मस्जिद के स्थान पर कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था।

# एडीएम प्रशासन के आश्वासन के बाद लेखपालों का धरना समाप्त



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर शिकारपुर तहसील में लेखपालों का 12 दिन तक धरना प्रदर्शन चलता रहा उसके बाद सोमवार 2 दिसंबर को धरना सदर तहसील बुलंदशहर में भी सातों तहसीलों के उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा बुलंदशहर के लेखपालों द्वारा दिया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश चकबंदी लेखपाल संघ तथा उत्तर प्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ का भी धरना प्रदर्शन में सहयोग किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव अकरवास कनैनी में 18 नवंबर को राजस्व टीम के साथ ग्रामीणों द्वारा बंधक बनाकर मारपीट की गई थी

जिसको लेकर लेखपाल सचिन गर्ग राजस्व निरीक्षक केहर सिंह लेखपाल अनूप शर्मा द्वारा अहमदगढ़ थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जहां पर 12 दिन बाद एक मारपीट के आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था लेकिन लेखपाल इस बात पर भी संतुष्ट न हुए और उन्होंने सोमवार को जनपद भर की सातों तहसीलों के लेखपालों ने सभी आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर सदर तहसील बुलंदशहर में अपना धरना प्रदर्शन जारी रखा जिस पर संज्ञान लेते हुए एडीएम प्रशासन प्रशांत कुमार भारती और सदर तहसीलदार धरना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने सभी लेखपालों से वार्ता कर बताया है कि जिन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी उसमें से एक आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है और शेष आरोपियों के गिरफ्तारी के पुलिस द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। उधर धरना स्थल पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि शेष रह गए सभी आरोपियों के खिलाफ जल्द गिरफ्तारी की कार्रवाई होनी चाहिए जिस पर सहमति बनी और फिलहाल यह धरना स्थगित कर दिया गया है। वहीं लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष सचिन गर्ग ने बताया है कि मंगलवार आज से सभी तहसीलों के लेखपाल अपने काम पर वापस लौटेंगे अब आगे से किसी भी किसान भाई के लिए कोई परेशानी नहीं होगी सभी का कार्य तहसील स्तर पर लेखपालों द्वारा किया जाएगा।

इस मौके पर सातों तहसीलों के अध्यक्ष अपनी अपनी टीम के साथ धरना प्रदर्शन में पहुंचे वही उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जनपद के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# बरेली जैसे हादसे का इंतज़ार, फरीदा बांगर रजवाहे पर नहीं बनाई गई रेलिंग



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। स्याना.ऊंचागांव विकासखंड क्षेत्र के गांव दौलतपुर कलां से फरीदा बांगर के मुख्य मार्ग के बीच रजवाहे पर कई वर्ष पहले पुल बना हुआ है। इसकी मरम्मत भी सालों से नहीं हो सकी है। जिसकी रैलिंग नहीं है। रजवाहे पर दोनों तरफ रैलिंग नहीं होने से कई हादसों को भी निमंत्रण मिल चुका है। इतना ही नहीं रैलिंग नहीं होने की वजह से वाहन चालकों के गिरने का खतरा भी बना रहता है। इसके बाद भी संबंधित विभाग रैलिंग मरम्मत कार्य नहीं करा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रतिदिन छोटे बड़े हजारों राहगीरों का आवागमन होता है। इसके बाद भी जिम्मेदार रजवाहे पर रैलिंग नहीं लगा पा रहे हैं। लेकिन आला अधिकारियों के हौसले बुलंद होने की वजह से रजवाहे पर रेलिंग मरम्मत नहीं हो पाई है। लगता है संबंधित आला अधिकारी बरेली जैसे किसी बड़े हादसे का इंतज़ार कर रहे हैं।

# व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने की कोतवाली प्रभारी से मुलाकात की



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर। नगर के अधिकांश व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं और नगर के कुछ व्यवसायियों ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पाण्डेय, से मुलाकात की और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पाण्डेय, को शॉल उढ़ा कर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया इस दौरान विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने कहा कि कोतवाल प्रखर पाण्डेय, से मुलाकात सौहार्दपूर्ण रही है जिसके समाज हित में सकारात्मक परिणाम देखने को आयेंगे व्यापार मण्डल के पदाधिकारी मुकेश गर्ग, ने बताया कि नगर में जाम कि समस्या बहुत रहती है जिससे दुकानदारों को परेशानी होती है जाम कि समस्या पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पाण्डेय, ने कहा कि व्यापारियों के सहयोग से हल निकालने की बात की गयी है व्यापार मण्डल के पदाधिकारी, ने कहा कि पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था बनाने में नगर के व्यापारी अपना पूर्ण सहयोग देंगें वीरेन्द्र कुमार गर्ग, ने शिकारपुर नगर के प्रमुख बैंकों के आसपास सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी की आवश्यकता बतलायी जिससे लूटपाट की घटना पर प्रभावी अंकुश लग सके कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पाण्डेय, ने कहा कि पुलिस द्वारा व्यापारियों और समाज के सहयोग से कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया जायेगा इस मौके पर मुकेश गर्ग, पुरूषोत्तम, वीरेन्द्र कुमार गर्ग, आशीष सैफी, पप्पू सैनी, शिव नरेश एडवोकेट, आदि लोग मौजूद रहे ।

# प्रदूषण से होते हैं साँस संबंधी रोग-प्रिंस



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। बहादुरगढ़ क्षेत्र के गाँव लुहारी में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर शिक्षाविद और कवि राजकुमार हिंदुस्तानी के नेतृत्व में चौधरी तरीफ सिंह के अहाते में एक नुक्कड़ सभा का आयोजन हुआ जिसमें प्रदूषण को रोकने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया कवि राजकुमार ने कहा कि राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस दो दिसम्बर 1984 को घटित भोपाल गैस त्रासदी के शिकार लोगों की याद में मनाया जाता है। भारत में भोपाल गैस कांड विश्व की भयानक त्रासदी थी,जिसमे मिथाइल आइसोसाइनेट (मिक) गैस के रिसाव से हजारों लोग काल के गाल में समा गए थे। कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य प्रदूषण के कारण होने वाली हानि को रोकना एवं जागरूकता फैलाना है।गत अक्टूबर माह में दिल्ली,एनसीआर में वायु प्रदूषण द्वारा हवा की गुणवत्ता बिगड़ने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। जूडो कोच सुबोध यादव ने कहा कि हमें अपने वाहनों की जांच करानी चाहिए ताकि प्रदूषण कम से कम हो सके। सहायक प्रबंधक बलराम ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए।शिक्षक प्रिंस ने कहा कि हवा में जहरीले तत्व मिलने से सांस संबंधी रोग होते हैं।इस मौके पर मुकेश सतीश संजीव नीरज सचिन विशाल ममता रिया रितिका माही खुशी के साथ दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे

# रुद्रा मैराथन 2024 का आयोजन किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । तहसील क्षेत्र के गढ़मुक्तेश्वर में ग्राम नानपुर में स्थित रूद्रा इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में 15 सौ मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) एवं 8 सौ मीटर दौड़ (महिला वर्ग) रुद्रा मैराथन 2024 का आयोजन किया गया जिसमें जनपद हापुड़, के लगभग 40 इण्टर कालेजों के बालक और बालिका वर्ग दोनों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 पूनम नागर, मुख्य अतिथि श्री गौरव त्यागी DDA कोच विशिष्ट अतिथि गुरमेहर खरे पूर्व सेना कोच चीफ प्रॉक्टर शेंकी त्यागी व अकेडमिक कोऑर्डिनेटर रूचि शर्मा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वल्लित करते हुए ध्वजारोहण करके किया। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर देव मेमोरियल पब्लिक स्कूल गढ़मुक्तेश्वर की वंशिका , द्वितीय स्थान पर देव मेमोरियल पब्लिक स्कूल गढ़मुक्तेश्वर की प्रियंका तथा तृतीय स्थान पर देव मेमोरियल पब्लिक स्कूल गढ़मुक्तेश्वर की वंशिका अधाना रही जबकि बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर केंद्रीय विद्यालय मेरठ के फैजान,द्वितीय स्थान पर एस आर एस इण्टर कॉलेज असिफाबाद किला परीक्षितगढ़ के प्रशान्त नागर तथा तृतीय स्थान पर आदर्श इण्टर कॉलेज मतनौरा के चेतन रहे। विजेता खिलाड़ियों का सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों, कालेज के प्राचार्या डॉ पूनम नागर, चीफ प्रॉक्टर शेंकी त्यागी, केडमिक कोऑर्डिनेटर रूचि शर्मा बीपीईएस डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्षा दीशु मोरल द्वारा नगद इनाम (प्रथम-3100, द्वितीय-2100 तथा तृतीय-1100) व प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी देकर किया गया जबकि प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान किया गया। कॉलेज के प्राचार्या डॉ पूनम नागर ने इस प्रकार के आयोजन के लिए बीपीईएस विभागाध्यक्षा दीशु मोरल एवं कॉलेज के सभी फैकल्टी मेंबर्स को शुभकामनाएं प्रेषित की और खिलाड़ियों को आशीर्वचन प्रदान किया और कहा कि खेल से न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य लाभ है बल्कि खेल मानसिक विकास का भी आधार है। मुख्य अतिथि श्री गौरव त्यागी DDA कोच ने खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स के सरकारी नौकरियों में कोटे व अन्य लाभों के बारे में जानकारी दी तथा खेल के शारीरिक और मानसिक लाभ के पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम का कुशल संचालन अपेक्षा त्यागी ने किया। इस अवसर पर विकास मोहन, प्रदीप नागर, अतुल त्यागी, तेहरीज, अक्षय कुमार, रोहित कुमार, मुकेश कुमार,कविता रानी, कंचन शुक्ला, ज्योति ठाकुर, हयात परवीन, हीना परवीन, पारुल निमेष, नूतन सिंह, विक्की चपराना, ज़ेबा ,प्रिया आदि सभी फेकल्टी मेम्बर्स उपस्थित रहे ।

# रोडरेज में डंडों और गाड़ी की चाबी से लहूलुहान किया

गाजियाबाद । मसूरी में रोडरेज को लेकर गाड़ी चालक ने साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। पीड़ित ने आरोपी चालक को सिर्फ तेज रफ्तार में गाड़ी चलाने पर टोका था। इसी बात से तैश में आकर चालक और उसके साथियों ने डंडों और गाड़ी की चाबी से हमला कर पीड़ित को लहूलुहान कर दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। मसूरी में मदरसा रोड पर रहने वाले फुरकान का कहना है कि एक दिसंबर की शाम करीब चार बजे वह अपने घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान एक कार तेज रफ्तार में आई, जिसमें चालक समेत चार लोग मौजूद थे। उन्होंने रास्ते में बच्चों के खेलने का हवाला देते हुए चालक से तेज रफ्तार में गाड़ी चलाने का विरोध किया। आरोप है कि इसी बात से गाड़ी चालक नाराज हो गया और गाली-गलौज शुरू कर दी। स्टेशन रोड मसूरी निवासी चालक शाहबाज ने मुगल गार्डन मसूरी निवासी अपने साथियों मोईन और गुलफाम तथा एक अज्ञात के साथ मिलकर उन पर डंडों से हमला कर दिया। फुरकान के मुताबिक इस दौरान हमलावरों ने उन पर गाड़ी की चाबी से भी वार किए, जिससे वह लहूलुहान हो गए। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के संबंध में फुरकान ने मसूरी थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत हुई जिसमें संगठन को मजबूती देने के लिए आह्वान किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। सिंभावली सहकारी गन्ना विकास समिति के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन की हुई मासिक पंचायत की अध्यक्षता शमशाद अली और संचालन तहसील अध्यक्ष श्याम सुंदर ने किया। भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत में जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने कहा कि हर सम्भव संगठन को मजबूत करना प्रत्येक पदाधिकारी की जिम्मेदारी है उन्हें हर संभव संगठन को मजबूत करना है। इसके साथ ही जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक पधाधिकाक़री को संगठन की टोपी पहननी अनिवार्य होगी और हर ग्राम अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष व तहसील अध्यक्ष को अपनी अपनी कमेटी जल्द से जल्द बनाने में जुट जाएं। पँचायत की खबर लगते ही पहुंचे थाना अध्यक्ष-पंचायत की खबर लगते थाना सिंभावली प्रभरी श्योपाल सिंह पहुंच गए और किसानों की पुलिस से जुड़ी समस्याएं सुनी और जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया। मासिक पंचायत में मौजूद महिला विंग जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष सरिता देवी, ब्लॉक अध्यक्ष शोभा देवी, हापुड़ नगर अध्यक्ष रोशनी सैफी, जिला प्रवक्ता कुंवर खुशनूद, मेरठ मंडल संघठन मंत्री महिपाल सिंह उर्फ गुजराल, जिला मीडिया प्रभारी अमज़द खान ,मेरठ मंडल उपाध्यक्ष आमिर अली, सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर अली, जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर मतलूब, क्षेत्रीय अध्यक्ष नौशाद अल्वी, मोहित त्यागी, ओमवीर सिंह तहसील अध्यक्ष हापुड़, रणवीर सिंह, जितेंद्र कश्यप, सुंदर सिंह, महमूद अल्वी, अर्जुन सिंह समेत मौजूद रहे।

# नमो भारत ट्रेन के साहिबाबाद स्टेशन पर एटीएम लगा

गाजियाबाद । दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के संचालित खंड साहिबाबाद स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए पहला एटीएम लगाया है। कॉरिडोर के अन्य स्टेशनों पर भी जल्द एटीएम की सुविधा उपलब्ध होगी। एटीएम को साहिबाबाद स्टेशन के गेट-एक और गेट तीन से स्टेशन में प्रवेश के दौरान कॉनकोर्स लेवल के अनपेड एरिया में लगाया है। गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, मुराद नगर, मोदी नगर साउथ, मोदी नगर नॉर्थ और मेरठ साउथ स्टेशनों पर भी जल्द ही एटीएम की सुविधा उपलब्ध होगी।

# संयुक्त अस्पताल में आपदा प्रबंधन की तैयारियों का निरीक्षण

गाजियाबाद । झांसी के मेडिकल कॉलेज में हुए अग्निकांड के बाद प्रदेश सरकार बेहद गंभीर है। भविष्य में ऐसे हादसे न हों, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के निदेशक ने सोमवार को संयुक्त अस्पताल का निरीक्षण किया। आपदा प्रबंधन की तैयारियों में कई खामी पाई गईं। उन्होंने जल्द इनमें सुधार के निर्देश दिए। शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. बीपी कल्याणी ने ऑपरेशन थियेटर, इमरजेंसी, एमएनसीयू, एनबीसीयू, पीकू वार्ड और पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने पावर कंट्रोल पैनल में तारों को बिखरे हुए पाया और फायर सिलेंडर के बारे में जानकारी की। इसके बारे में इलेक्ट्रीशियन संतोषजनक जानकारी नहीं दे सका। कई जगह तारों में प्लग नगीं लगा था। ऐसे में स्पार्किंग का खतरा बना है। उन्होंने अस्पताल से बाहर जाने वाले रास्ते को बंद पाया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को एग्जिट प्वाइंट को खाली और खुला रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पावर कंट्रोल रूम और एक्सटेंशन बोर्ड में एमसीबी लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉक्टरों क तैनाती और मशीनों और उपकरणों का सही ढंग से कागजात दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएमएस डॉ. संजय गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. योगेंद्र सिंह, डॉ. एसएन सिंह, डॉ. एमएल अग्रवाल और डॉ. रविंद्र कुमार साथ रहे।

# छात्राओं ने प्रकृति व पर्यावरण पर आधारित कविता पाठ का किया सस्वर गान



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । सोमवार को आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत छात्राओं को विभिन्न भारतीय भाषाओं को सिखाने हेतु कक्षाओं में शब्दों एवं वाक्य के माध्यम से भाषा वृक्ष बनाया गया। भारतीय भाषाओं जैसे-हिंदी, संस्कृत,उर्दू,पंजाबी,भोजपुरी बुंदेलखंडी भाषा में अभिवादन आदि का अभ्यास कराया गया। तो वहीं प्रधानाचार्या डॉ. स्नेह प्रभा ने पार्क में जाने हेतु छात्राओं को हरी झंडी दिखाई जिससे छात्राओं ने पार्क में जाकर पौधों और जानवरों की विशेषता को जानकर उन पर निबंध व कविता का सस्वर गान किया। साथ ही छात्राओं ने प्रकृति और पर्यावरण पर आधारित कविता पाठ का सस्वर गान किया और छात्राओं ने पार्क में प्राकृतिक वातावरण जानवर आदि पर चर्चा कर लोगों को जागरूक किया। जिसमें सोनिया,माही आयशा आदि छात्राओं ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषा उत्सव की नोडल अधिकारी डॉ. अनीता जायसवाल, प्रतिभा सिंह, शीला कुमारी, रानी सिन्हा,प्रीति अग्रवाल, आदि शिक्षिकाओं का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग रहा।

# थाना पिलखुवा पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को किया गिरफ्तार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वाहन चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को जटपुरा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से चोरी की कार, फर्जी नम्बर प्लेट, वाहन चोरी करने के उपकरण, फर्जी आरसी व अवैध असलहा बरामद हुआ है।उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पर मु0अ0सं0 637/2024 धारा 318(4), 338, 336(3), 317(2), 317(5) बीएनएस पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सुमित पुत्र देवेन्द्र निवासी ग्राम अतरौली थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद। थाना प्रभारी रघुराज सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का वाहन चोर है, जिसके विरुद्ध जनपद गाजियाबाद व हापुड़ में चोरी, हत्या का प्रयास व आर्म्स आदि से सम्बन्धित करीब एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभियुक्त वाहन चोरी कर उनके फर्जी/कूटरचित दस्तावेज व नम्बर प्लेट तैयार कर वाहनों को बेचकर आर्थिक लाभ कमाता था ओर अभियुक्त पास से चोरी की एक स्विफ्ट कार फर्जी नम्बर प्लेट लगी हुई। तीन जोड़ी फर्जी नम्बर प्लेट, एक बैग जिसमें वाहन चोरी करने के उपकरण (आरी का एक ब्लेड, दो बर्मे, दो रेती, तीन स्रूकी, दो स्रूकी अधबनी, एक पेचकस, एक टेस्टर, मारुती गाडी की तीन चाबी) एवं दो एसीएम, गाडी का एक लॉक व आरसी की दो कलर फोटोस्टेट,एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर। बरामद किया

# जनपद के पूर्व सैनिकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए वार्ता की व समाधान कराये जाने का आग्रह किया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

हापुड़। हापुड़ के पूर्व सैनिक प्रतिनिधि मंडल द्वारा पूर्व वायु सेना अधिकारी मनबीर सिंह- संयुक्त सचिव भारतीय पूर्व सैनिक संघ व उपाध्यक्ष जिला सैनिक बंधु के नेतृत्व में कैप्टन राजेश चौधरी जिलाध्यक्ष पूर्व सैनिक संघ व वेटरन कृष्ण पाल सिंह प्रदेश अध्यक्ष ए ई डी सी के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह से उनके दिल्ली स्थित निवास पर मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य / कुशलक्षेम के विषय में जानने के साथ ही जनपद के पूर्व सैनिकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए वार्ता की व समाधान कराये जाने का आग्रह किया। जनरल वी के सिंह द्वारा आशवासन दिया कि वह प्रत्येक स्तर पर समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

# समस्याओं का समाधान करने को कमेटी बनी

गाजियाबाद । मधुबन बापूधाम आवासीय योजना की समस्याओं का समाधान करने को दस सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। इस कमेटी ने सोमवार को बैठक कर सभी समस्याओं को चिह्नित किया। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने 10 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। अब यही कमेटी योजना में आने वाली सभी समस्याओं का निस्तारण करेगी। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने सोमवार को बैठक कर कुछ महत्वपूर्ण समस्याओं पर विचार किया। साथ ही श्मशान के पास वाली आवंटित भूखंडों को दूसरी जगह हस्तांतरण करने को लेकर चर्चा भी की गई। उन्होंने बताया कि सभी मुद्दों पर चार्चा कर वहां की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

# गाजियाबाद में आत्महत्या करने से कुछ घंटे पहले ब्यूटी पार्लर गई थी डॉक्टर रेणुका



गाजियाबाद । डॉ. रेणुका यादव ने अंग्रेजी में लिखे सुसाइड नोट में बेहद भावुक बातें लिखते हुए मम्मी-पापा को सॉरी बोला। इसी के साथ लिखा कि आपने मेरी हर इच्छा पूरी की है। मैंने जो मांगा आपने वही दिया। मगर मुझे लगता है कि मैंने हमेशा आपको निराश किया है। मैं इतनी मजबूत नहीं हूं कि मैं कोई तनाव झेल सकूं। यूपी के मोदीनगर स्थित डीजे डेंटल कॉलेज के महिला छात्रावास में डॉक्टर रेणुका यादव के मामले में पुलिस की जांच अभी जारी है। रेणुका तबीयत खराब होने की वजह से दो दिन से कॉलेज नहीं जा रही थी। लेकिन चौकाने वाली बात यह है कि छात्रावास के वॉर्डन के अनुसार रेणुका आत्मदाह से कुछ घंटे पहले यानी शुक्रवार शाम अपनी कुछ सहपाठियों के साथ बाजार और पॉर्लर गई थी। वॉर्डन ने रात 10 बजे की उपस्थिति भी भरी थी। मगर शनिवार सुबह रेणुका के कैमरे का दरवाजा नहीं खुला। मोबाइल पर लगातार कॉल की गई मगर कोई उत्तर नहीं मिला इसके बाद ही अनहोनी की आशंका पैदा हो गई थी। मोदीनगर के निवाड़ी मार्ग स्थित डीजे डेंटल कॉलेज के महिला छात्रावास में शनिवार दोपहर रेजिडेंट डॉक्टर रेणुका यादव का शव कमरे में पंखें से लटका मिला था। डॉ. रेणुका ने करीब एक माह पूर्व ही एमडीएस प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया था। पुलिस को उसके कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। जिसमें उसने मरने के कारणों का स्पष्ट कारण तो नहीं लिखा लेकिन भावुक कर देने वाली बातें जरूर लिखीं। हरियाणा के रेवाड़ी स्थित गांव कोसली निवासी रामेश्वर यादव सीआरपीएफ में उपनिरीक्षक हैं। रामेश्वर ने बताया कि उनकी 26 वर्षीय पुत्री रेणुका ने हरियाणा के सिरसा से बीडीएस किया था। डॉ. रेणुका ने लगभग एक माह पूर्व निवाड़ी स्थित डीजे डेंटल कॉलेज एमडीएस ऑरल सर्जरी में प्रवेश लिया था। डॉ. रेणूका दिव्य ज्योति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसंस के महिला छात्रावास के कमरा नंबर 302 में अकेली रहती थी। तीन दिन पूर्व डॉ. रेणुका की तबीयत खराब हुई तो उसने कॉलेज से दो दिन की छुट्टी ले ली। शनिवार को उसे कॉलेज जाना था, मगर वह कॉलेज नहीं पहुंची।

# ग्रेप-4 के अंतर्गत पारित आदेशों का अनुपालन कड़ाई से करवाया जाए -न्यायाधीश डॉ.अफरोज अहमद



गाजियाबाद । राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) प्रिन्सिपल बेंच नई दिल्ली के सदस्य एवं न्यायाधीश डॉ.अफरोज अहमद, द्वारा अपने शासकीय कार्यो के सम्बन्ध मे जनपद गाजियाबाद का भ्रमण किया गया। उनकी अध्यक्षता में गंगा गेस्ट हॉउस, सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद में जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी गाजियाबाद, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग गाजियाबाद, नगर आयुक्त नगर निगम, जीडीए सचिव, मुख्य विकास अधिकारी, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध और जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति के नामित सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में जिला पर्यावरण समिति से सम्बंधित एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा के दौरान जनपद गाजियाबाद में ग्रेप-4 के सम्बन्ध में क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रेप-4 के अंतर्गत पारित आदेशों का अनुपालन कड़ाई से करवाया जा रहा है। बैठक में जिला पर्यावरण परियोजना (डिस्ट्रिक्ट एनवायरनमेंट प्लान) के बारे में चर्चा के दौरान अध्यक्ष को अवगत कराया गया कि डिस्ट्रिक्ट एनवायरनमेंट प्लान upecp.nic.in के पोर्टल पर पूर्व में अपलोड किया जा चुका है। नगर आयुक्त द्वारा सदस्य/न्यायाधीश महोदय डॉ.अफरोज अहमद को जनपद में वायु गुणवत्ता के सुधार के सम्बन्ध में जनपद गाजियाबाद में नगर निगम के स्तर से किये जा रहे प्रयासों के ब्यौरे से सम्बंधित एक ड्राफ्ट सौंपा गया। बैठक के दौरान एसटीपी की जानकारी मांगी गयी जिसके क्रम में अवगत कराया गया कि जनपद गाजियाबाद में कुल 10 एसटीपी ऑपरेशनल हैं। जिला गंगा समिति के सन्दर्भ में चर्चा करते हुए जिला परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति द्वारा अध्यक्ष महोदय को जिला गंगा योजना के बारे में अवगत कराया गया एवं भारतीय लोक प्रशासन संसथान नई दिल्ली में जिला गंगा योजना हेतु आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के बारे में बताते हुए उसके प्रमुख बिंदुओं जैसे जिला गंगा योजना के निर्माण में शामिल किये जाने वाली अंशधारकों एवं उनकी भूमिका से अवगत कराया तथा जिसके पश्चात गंगा एक्शन प्लान पर कार्यवाही की जा रही है। बैठक में अध्यक्ष द्वारा निर्देश दिए गए कि पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान वर्ष 2024-25 में कराये गए पौधरोपण की जीवितता मानक के अनुसार बनायी रखी जाये।

चर्चा के पश्चात अध्यक्ष द्वारा परिसर में स्थापित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण किया गया।

# मेरठ-दिल्ली रोड पर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

गाजियाबाद । मेरठ-दिल्ली रोड पर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक के दोनों पैर कुचल गए। लहूलुहान बाइक सवार को लोगों ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है। मृतक के भाई ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव दोसा बंजारपुर निवासी योगेश कुमार ने बताया कि सुबह उनका भाई निर्देश गांव से गाजियाबाद में स्थित एक कंपनी में ड्यूटी के लिए निकला था। जैसे की बाइक मेरठ-दिल्ली रोड स्थित हिंडन नदी के नजदीक पहुंची तो पीछे से आए ट्रक ने निर्देश की बाइक में टक्कर मार दी। बाइक से निर्देश दूर सड़क पर जा गिरा। अनियंत्रित ट्रक निर्देश के दोनों पैरों से होकर उतर गया। इससे निर्देश के दोनों पर बुरी तरह कुचल गए। नगर स्थित एक निजी अस्पताल में घायल को भर्ती कराया गया लेकिन गंभीर हालत के चलते उसे दिल्ली रेफर कर दिया था। एसीपी कविनगर रितेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# गाजियाबाद में जालसाज ने बैंक खाते की जानकारी लेकर उड़ा दिए 50 हजार



गाजियाबाद । इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के वसुंधरा निवासी एक व्यक्ति के पास जालसाज ने फोन करके उनकी बैंक संबंधी जानकारी ली। इसके बाद खाते से 50 हजार रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर बैंक ने खाते को होल्ड कर दिया। इंदिरापुरम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वसुंधरा सेक्टर तीन के गार्डेनिया ग्लैमर फेज दो निवासी ओमपाल सिंह मीना ने बताया कि 16 नवंबर को उनके फोन पर अंजान नंबर से कॉल आई थी। फोन पर बात करने वाले व्यक्ति ने बातों के झांसे में लेकर पीड़ित से बैंक खाते की पूरी जानकारी ली। इसके बाद उनके बैंक खाते से 25-25 हजार रुपये दो बार में दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित के मोबाइल पर जैसे ही रुपये कटने का मैसेज पहुंचा, उन्होंने तुरंत बैंक से शिकायत की। बैंक ने जिस खाते में रुपये ट्रांसफर हुए उसमें होल्ड लगा दिया। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बैंक से जानकारी मांगी गई है। साथ ही जालसाज को ट्रेस करने के लिए साइबर एक्सपर्ट की टीम भी लगाई गई है।

# नामी कंपनी के नकली तार बनाने की कंपनी पर छापा

गाजियाबाद । साहिबाबाद थाना क्षेत्र स्थित औद्योगिक क्षेत्र राजेंद्रनगर की एक कंपनी में विभिन्न नामी कंपनियों का नकली बिजली का केबल तार बनाया जा रहा था। जानकारी मिलने के बाद एक कंपनी के अधिकारी ने पुलिस के साथ मिलकर छापा मारा। इस दौरान पुलिस टीम को मौके से लाखों रुपये कीमत का हजारों मीटर बिजली का तार व अन्य सामान बरामद हुआ। मेरठ के खरखौदा थानाक्षेत्र के गांव कोल निवासी शोभित शर्मा का कहना है कि वह आइपी इन्वेस्टिगेशन एंड डिटेक्टिव सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में जांच अधिकारी है। उनकी कंपनी को पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड ने एंकर, वी-गार्ड, पोलीकेब कंपनी ने अधिकार दे रखे हैं कि यदि कोई उक्त कंपनी का नकली माल बनाता या बेचता है तो वह उसके खिलाफ कार्रवाई कर सकें। शोभित का कहना है कि उन्हें साहिबाबाद क्षेत्र के राजेंद्रनगर औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में उक्त कंपनी की नकली वायर और केबिल बनाने की सूचना मिल रही थी। इसके चलते उन्होंने रविवार को साहिबाबाद पुलिस को साथ लेकर एक फैक्ट्री पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मौके पर मिले अंकित निवासी सेक्टर चार वसुंधरा ने बताया कि वह खुद कंपनी का मालिक है। पुलिस ने मौके से पोलीकेब वायर के 102 बंडल, गोल्ड मेडल के 86, एंकर के 103 और वी-गार्ड के 83 बंडल बरामद किए। पुलिस ने सभी को कब्जे में लेकर सील कर दिया। शोभित ने फैक्ट्री मालिक अंकित के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

# भ्रूण लिंग जांच के बदले 40 हजार तक वसूलता था गिरोह



गाजियाबाद । लालकुआं के शिवा अस्पताल में भ्रूण लिंग जांच के बदले 40 हजार रुपये तक वसूले जाते थे। जांच में लड़की आने पर गर्भपात करा दिया जाता था। रविवार रात छापेमारी में पकड़े गए अस्पतालकर्मी और महिला से पूछताछ में यह बात सामने आई है। पुलिस का कहना है कि अस्पताल की चिकित्सिका समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरार चिकित्सिका समेत दो लोगों की तलाश की जा रही है। बता दें कि गाजियाबाद और गुरुग्राम की पीसीपीएनडीटी की टीम ने रविवार रात लालकुआं के मासरोवर पार्क धर्मकांटा स्थित शिवा अस्पताल में छापेमारी की थी। इस दौरान टीम के साथ मौजूद पुलिस ने मौके से विजयनगर के शांतिनगर निवासी ममता और थाना सिंभावली जिला हापुड़ के गांव मुरादपुर निवासी नाजिम को गिरफ्तार किया था, जबकि अस्पताल की चिकित्सिका लालकुआं निवासी आशा उर्फ सन्नी तथा अमरोहा के हसनपुर निवासी संदीप मौके से फरार होने में कामयाब हो गए थे। एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच ने बताया कि छापेमारी के दौरान अस्पताल से अल्ट्रासाउंड मशीन, एमटीपी बॉक्स, उपकरण, एक कार, दवाई समेत अन्य सामान बरामद हुआ था। एसीपी के मुताबिक गिरफ्तार नाजिम ने पूछताछ में बताया कि ममता ग्राहकों को भ्रूण परीक्षण कराने के लिए लेकर आती थी। उसकी एवज में वह लोग 25 से 40 हजार रुपये तक वसूलते थे। इतना ही नहीं, गर्भ में लड़की का पता चलने पर गर्भपात भी कराया जाता था। नाजिम ने बताया कि वह फरार चिकित्सिका सन्नी उर्फ आशा तथा संदीप से भ्रूण जांच कराता था। एसीपी वेव सिटी का कहना है कि फरार दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को मिला एक वर्ष का कार्यकाल विस्तार

नई दिल्ली । लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मौजूदा शर्तों पर कैबिनेट सचिव के पद के स्तर पर उनके कार्यकाल के विस्तार को मंजूरी दी है और उनका कार्यकाल 30 नवंबर 2025 तक प्रभावी रहेगा। श्री सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा के उत्तराखंड कैडर के 1986 बैच के अधिकारी हैं और उत्तराखंड सरकार में मुख्य सचिव रहने की बाद उन्होंने एक दिसंबर, 2020 को लोकसभा महासचिव का पदभार संभाला। उन्होंने केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में भी कार्य किया। श्री सिंह अत्यंत सरल स्वभाव के हैं और वह संसदीय मामलों के गहरे जानकार हैं।

## भाई और भाभी के साथ बाइक पर जा रही महिला से चेन छीनी

ग्रेटर नोएडा । जेवर कोतवाली क्षेत्र में बाइक पर सवार महिला से चेन स्नेचिंग का मामला सामने आया है। पीड़िता अपने भाई और भाभी के साथ मंदिर से घर लौट रही थी। इस बीच रास्ते में बाइक सवार बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले में चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि चोरों का पता लगाकर चेन बरामद की जाएगी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सबोता गांव शनिवासी अजय शर्मा ने पुलिस से शिकायत की है। वह अपनी बहन छाया और पत्नी रूबी के साथ बाइक पर सवार होकर हरियाणा के पलवल स्थित मंदिर गए थे। वह मंदिर से वापस लौटते समय जब गोपालगढ़ गांव के समीप पहुंचे तो बाइक सवार बदमाशों ने उनकी बहन के गले से चेन छीन ली। पीड़ित ने घटना का विरोध कर कुछ दूर तक लुटेरों की बाइक का पीछा किया, लेकिन रास्ते में उनकी बाइक किसी वाहन से टकराकर गिर गई। हादसे में उन्हें हल्की फुल्की चोट भी आई। इस बीच बदमाश वहां से भाग गए। अब इस मामले में उन्होंने पुलिस से शिकायत की है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि महिला से चेन चोरी की गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। चोरों का पता लगाकर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## एमिटी विश्वविद्यालय में 217 छात्रों को डिग्रियां मिली

ग्रेटर नोएडा । एमिटी विश्वविद्यालय ने अपने कैंपस में 2024 में पास होने वाले स्नातकों, स्नातकोत्तरों और डिप्लोमा करने वाले छात्रो के लिए सोमवार को 20वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. बलविंदर शुक्ला और एमिटी विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा के महनिदेशक प्रोफेसर डॉ. अजय राणा ने 217 छात्रों को डिग्री प्रदान की। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. आशोक चौहान ने पास होने वाले छात्रों के साथ अपने अनुभव को साझा किए और छात्रों और उनके माता-पिता को उनकी कड़ी मेहनत और सफलता के लिए बधाई दी। छात्रों को विभिन्न श्रेणी में पुरस्कार प्रदान किए गए। पारंपरिक मूल्यों के लिए बलजीत शास्त्री पुरस्कार तथा हर फील्ड में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंडर ट्रॉफी दी गई।

## पूर्व आईएएस अधिकारी की बेटी ने 29वीं मंजिल से कूदकर जान दी




नोएडा । सेक्टर-128 स्थित जेपी विशटाउन इंपीरियल कोर्ट में रहने वाले पूर्व आईएएस अधिकारी की बेटी ने शनिवार शाम 29वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। थाना सेक्टर-126 पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि मोहम्मद मुस्तफा 1995 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने इसी वर्ष जून में वीआरएस ले लिया था। सेक्टर-128 स्थित जेपी विशटाउन सोसाइटी में रहने वाली उनकी बेटी 24 वर्षीय रिधा मुस्तफा ने शनिवार करीब 6.30 बजे अपनी सोसाइटी के 29वीं मंजिल स्थित अपने फ्लैट से ऊपर से नीचे छलांग लगा दी। इस दौरान लोग सोसाइटी में घूम रहे थे। लोगों ने इसकी सूचना सोसाइटी के गार्ड को दी।
आनन-फानन में उन्हें घायलावस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार युवती कुछ दिनों से मानसिक तौर पर तनाव में थी। उसका दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार चल रहा था। फिलहाल आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

## नोएडा के किसानों को कुचल रही हैं भाजपा की सरकार – सुप्रिया श्रीनेत

नोएडा । गौतमबुद्ध नगर के किसानों ने आज अपनी मांगों को लेकर पूरे दिन जमकर प्रदर्शन किया। हालांकि शाम होते-होते किसान और अफसरों के बीच समझौता हो गया है। वहीं किसानों ने अफसरों को 7 दिन का समय और दिया है। किसानों का कहना है कि प्रदर्शन अभी भी जारी है उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वह दिल्ली जरूर जाएंगे। ऐसे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सभी लोग गौतमबुद्ध नगर के किसानों को सपोर्ट करते दिखे। इसी बीच कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत किसान आंदोलन की रिपोर्टिंग करने के लिए सड़क पर उतर गयी। नोएडा गेट पर खड़े होकर उन्होंने प्रदर्शन की रिपोर्टिंग की और उसकी एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। जिसमें उन्होंने कहा है कि भाजपा की सरकार नोएडा के किसानों को कुचल रही है। सुप्रिया श्रीनेत कह रही है मैं इस वक्त दिल्ली और नोएडा के बॉर्डर में हूं यह इलाका मयूर विहार का है मेरे पीछे जो बैरिकेडिंग लगी हुई है वह दंगाइयों को रोकने के लिए नहीं बल्कि देश के अन्न दाताओं को रोकने के लिए है। यह इसलिए लगाई गई है कि कहीं गौतमबुद्ध नगर के किसान राजधानी दिल्ली में पहुंच जाए। किसान शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। जब उनकी बात नहीं सुनी गई तो उन्होंने दिल्ली आने का मन बनाया। लेकिन जैसे ही वह यहां पहुंचे तो अमित शाह की पुलिस लग गई है कि एक भी किसान दिल्ली में एंटर न कर जाए। जब भी किसान आना चाहता है उसे रोक लिया जाता है। बैरिकेडिंग लगाते हैं कील बिछाते हैं आखिर भाजपा किसानों से क्यों डरती है। किसानों की जबरन जमीन हड़पी जा रही है किसान सिर्फ अपना हक मांग रहा है। बजाए उनके साथ बैठकर समाधान निकालने के यह सरकार बार-बार उनको परेशान कर रही है। 4 साल पहले उन्हीं किसानों में से 750 किसानों के साथ हुई थी लेकिन फिर भी नरेंद्र मोदी नहीं रुके। वह आगे कह रही है कि भाजपा सरकार किसानों की रत्ती भर इज्जत नहीं करती है। क्या किसान दिल्ली नहीं आ सकता है सरकार उन्हें क्यों रोक रही है? जिस तरह पुलिस किसानों के साथ व्यवहार कर रही है इससे साफ पता चलता है कि नरेंद्र मोदी किसानों की जरा सी भी इज्जत नहीं करते हैं। पुलिस बंदोबस्त- 5 हजार जवान तैनात चिल्ला बॉर्डर पर एक विशाल पुलिस बल तैनात किया गया है। इसमें 3,000 नोएडा पुलिस और 2,000 दिल्ली पुलिस के जवान शामिल हैं। पुलिस ने बैरिकेड लगाकर किसानों की दिल्ली कूच को रोकने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन किसानों ने इन सबको चुनौती दी। इस आंदोलन के कारण शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है। बार्डर पर वाहन रेंग-रेंग कर आगे बढ़ रहे हैं। क्या हैं किसानों की मांगें? गोरखपुर में बन रहे हाईवे के लिए 4 गुना मुआवजा दिया गया। जबकि गौतमबुद्ध नगर को चार गुना मुआवजे के लाभ से वंचित रखा गया है। इसके अलावा 10 साल से सर्किल रेट भी नहीं बढ़ा है। नए कानून के लाभ जिले में लागू करने पड़ेंगे। किसानों की प्रमुख मांगों में 10 फीसदी विकसित भूखंड, हाई पावर कमेटी की सिफारिशों और नए भूमि अधिग्रहण कानून के लाभ दिया जाना शामिल है। ये सारे निर्णय शासन स्तर पर लिए जाने हैं।

## आप नेता राघव चड्ढा ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले को लेकर राज्यसभा में स्थगन नोटिस दिया



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और सांसद राघव चड्ढा ने सोमवार को राज्यसभा में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो अत्याचार और इस्कॉन के पुजारियों की गिरफ्तारी को लेकर स्थगन नोटिस दिया है। आप सांसद ने मांग की है कि सदन में इन विषयों पर न केवल विस्तार पूर्वक चर्चा की जाए, बल्कि इसकी निंदा भी की जाए। राघव चड्ढा ने प्रस्ताव के नोटिस में कहा, राज्यसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों के नियम 267 (नियमों के स्थगन के लिए प्रस्ताव की सूचना) के तहत, मैं प्रस्ताव पेश करने के अपने इरादे की सूचना देता हूं। उन्होंने कहा, यह सदन बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों और चिन्मय कृष्ण दास सहित तीन इस्कॉन पुजारियों की गिरफ्तारी पर चर्चा करने के लिए शून्यकाल और प्रश्नकाल तथा दिन के लिए सूचीबद्ध अन्य कार्यों से संबंधित प्रासंगिक नियमों को निलंबित करे। इसके अलावा, मैं मांग करता हूं कि यह सदन सामूहिक रूप से इस्कॉन पुरोहित चिन्मय कृष्ण दास की हिरासत पर चर्चा करें और उसकी निंदा करे। इसके अलावा, कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी ने भी राज्यसभा में स्थगन नोटिस दिया है। उन्होंने अपने नोटिस में अजमेर शरीफ दरगाह पर चर्चा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अजमेर शरीफ भारतीय संस्कृति के लिहाज से बहुत ही अहम है। लेकिन, मौजूदा समय में जिस तरह से इसकी ऐतिहासिक पहचान को लेकर सवाल उठाए गए हैं, उसने प्रत्येक नागरिक को चिंता में डाल दिया है। उन्होंने अपने नोटिस में कहा, यहां गौर करने वाली बात है कि अजमेर शरीफ का मुद्दा ऐसे वक्त में उठाया गया है, जब हाल ही में संभल में हिंसा देखने को मिली। इस हिंसा की जद में आकर कई मासूम लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। इस तरह की हिंसात्मक घटनाएं सामाजिक भाईचारे को खत्म करती है। उन्होंने अपने नोटिस में कहा, धार्मिक, भाषाई और क्षेत्रीय मतभेदों से परे सभी भारतीयों के बीच सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देना न केवल प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है, बल्कि भारत की एकता और अखंडता को सुनिश्चित करने के लिए भी इस सदन को व्यापक रूप से विचार करना चाहिए।

## राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा, कार्यवाही दिन भर के लिए स्थागित



नई दिल्ली । राज्यसभा में सोमवार को विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण प्रश्न काल नहीं हो सका और सदन की कार्यवाही मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले सुबह में भी कार्यवाही शुरू होने पर अडानी समूह में अनियमितताओं की जांच, मणिपुर और उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा तथा बंगलादेश में हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाओं पर चर्चा करने की मांग को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही 12ः00 बजे तक स्थगित करनी पड़ी और शून्यकाल नहीं हो सका। सभापति जगदीप धनखड़ ने स्थगन के बाद प्रश्नकाल शुरू करने की कोशिश की लेकिन विपक्षी सदस्याओं की टोकाटाकी ओर एक साथ बोलने के कारण सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। श्री धनखड़ ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इसके बाद उन्होंने सदन के पटल पर आवश्यक विधायी दस्तावेज रखवायें। श्री धनखड़ ने सदन को बताया कि उन्हें नियम 267 के अंतर्गत 20 नोटिस मिले हैं। ये नोटिस अडानी समूह में अनियमितताओं की जांच, मणिपुर और उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा, बंगलादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और इस्कॉन पुजारी की गिरफ्तारी, राजस्थान के अजमेर शरीफ दरगाह के मामले और दिल्ली में कथित बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति तथा केरल में वायनाड को विशेष पैकेज देने की मांग को लेकर हैं। सभापति ने कहा कि नियम 267 विशेष उद्देश्यों के लिए है और ये नोटिस निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप नहीं होने के कारण अस्वीकार किये जा रहे हैं। इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने जोर-जोर से बोलना शुरू कर दिया। कुछ सदस्य अपनी सीटों से आगे आ गए और शोर शराबा करने लगे। श्री धनखड़ ने सदस्यों से शांत होने की अपील की और कहा कि जनहित में संसद का चलना आवश्यक है। लेकिन इस अपील का शोर शराबा कर रहे सदस्यों पर कोई असर नहीं हुआ तो उन्होंने सदन की कार्यवाही 12ः00 बजे तक स्थगित करने की घोषणा कर दी।

## किसान आंदोलन से घबराई पुलिस ने विभिन्न किसान संगठनों के सैकड़ो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



नोएडा। किसानो की लंबित मांगों/समस्याओं को लेकर आज संयुक्त किसान मोर्चा गौतमबुद्धनगर द्वारा दिल्ली संसद मार्च का ऐलान किया गया था। किसान आंदोलन से घबराई पुलिस ने विभिन्न किसान संगठनों के सैकड़ो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सेक्टर- 49, नोएडा पुलिस ने सीटू जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा को बरौला सेक्टर- 49 नोएडा आवास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि गिरफ्तारी से किसान आंदोलन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा हजारों किसान आज आंदोलन में शामिल होंगे। उन्होंने कहा दमन से मजदूर किसानों की आवाज को नहीं दबाया जा सकता और आंदोलन और तेज होगा। मजदूर किसान संगठनों के कार्यकर्ताओं में थाने के अंदर ही जमकर नारेबाजी कर अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद किया।

## विश्व हिंदू महासंघ के प्रयागराज प्रांतीय अधिवेशन के दूसरे दिन गौरक्षा सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित हुए गौरव कौशिक चचूरा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



ग्रेटर नोएडा । गौरव कौशिक चचूरा अनवरत 5 वर्षों से असहाय ,निराश्रित एवम बीमार तथा घायल गौवंश की नि:शुल्क एवम नि:स्वार्थ भाव से उपचार करवाते हैं । इनका ये सेवा भाव अत्यंत प्रशंसनीय हैं । ये गौरक्षा प्रकोष्ठ , विश्व हिंदू महासंघ मेरठ मंडल के वर्तमान में मंडल सह प्रभारी हैं। इनके इसी सेवा भाव को देखते हुए विश्व हिंदू महासंघ शीर्ष नेतृत्व ने इनको मंच से सम्मानित करने का फैसला लिया । उत्तर प्रदेश में कुल 27 लोग को गौरक्षा सर्वोच्च सम्मान दिया गया । जिसमें गौतमबुद्धनगर जिले से एक नाम गौरव कौशिक चचूरा का भी है । इनके सम्मानित होने से इनके मित्रजनों , शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है तथा लोगों द्वारा इनको बंधाइयो का सिलसिला जारी है । इनको बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ मेरठ मंडल प्रभारी हरवेंद्र राघव ,गौतमबुद्धनगर जिलाध्यक्ष हरिओम रावल, बुलंदशहर जिला अध्यक्ष लखपत सिंह,जिला महामंत्री कालू ठाकुर उर्फ महेश राणा, महानगर अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद ठाकुर,सहित तमाम मित्रों /वरिष्ठजनों ने बधाई दिया ।

## भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव के वास्ते घोषणा पत्र के लिए लोगों की राय लेगी

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सोमवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए ''मेरी दिल्ली मेरा संकल्प भाजपा'' थीम के तहत अपने घोषणा पत्र के लिए यह पांच दिसंबर से समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क साधेगी।
दक्षिण दिल्ली से सांसद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में एक फोन नंबर भी जारी कर पार्टी के घोषणा पत्र के लिए सोशल मीडिया के जरिये सुझाव आमंत्रित किए। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश भाजपा की घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा क्षेत्रों में और जिला स्तर पर समाज के विभिन्न वर्गों के साथ बैठक की जाएगी। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं घोषणा पत्र समिति के सदस्यों को दिल्ली के विभिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों का प्रभार दिया गया है।
इनमें प्रवेश वर्मा को चांदनी चौक, अरविंदर सिंह लवली को नई दिल्ली, सतीश उपाध्याय को पूर्वी दिल्ली, कैलाश गहलोत और अभिषेक टंडन को दक्षिण दिल्ली तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन और विजय गोयल को उत्तर पश्चिम दिल्ली का प्रभार दिया गया है। बिधूड़ी ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी पार्टी घोषणा पत्र के लिए लोगों की प्रतिक्रियाएं प्राप्त करने संबंधी विभिन्न गतिविधियों के समन्वय की जिम्मेदारी संभालेंगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव फरवरी 2025 में होना है। बिधूड़ी ने कहा कि लोगों की प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए प्रत्येक जिले में वीडियो वाहन तैनात किये जाएंगे। प्रदेश भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा सात दिसंबर को वीडियो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।
बिधूड़ी ने इन दावों को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल की आलोचना की कि सत्ता में आने पर भाजपा मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए बस यात्रा जैसी सुविधाएं खत्म कर देगी।

## प्रख्यात शिक्षक अवध ओझा 'आप' में शामिल, बोले- 'शिक्षा का विकास मेरा सर्वोत्तम उद्देश्य'



नई दिल्ली । दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की शिक्षा क्रांति से प्रभावित होकर सोमवार को देश के प्रख्यात शिक्षक अवध ओझा आम आदमी पार्टी (आप) पार्टी में शामिल हो गए हैं। आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ओझा को औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता दिलाई। दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल ने अवध ओझा के गले में पार्टी का पटका और टोपी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर मनीष सिसोदिया भी मौजूद थे। पार्टी में शामिल होने के बाद अवध ओझा ने अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने मुझे राजनीति में आकर शिक्षा के लिए काम करने का अवसर दिया है। शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जो परिवार, समाज, राष्ट्र की आत्मा है। जितने भी देश दुनिया में महान हुए, उनकी पृष्ठभूमि में कहीं न कहीं शिक्षा का योगदान रहा है। अब तो मैं पार्टी का हिस्सा हूं। उन्होंने आगे कहा कि मैंने राजनीति पारी की शुरुआत कर ली है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया ने कहा है कि यदि मुझे राजनीति और शिक्षा में से किसी को चुनना पड़े तो मैं निश्चित तौर पर शिक्षा को चुनूंगा। यही मेरा भी उद्देश्य है। राजनीति में आकर शिक्षा का विकास मेरा सर्वोत्तम उद्देश्य है। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने अवध ओझा के आप पार्टी में शामिल होने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश के जाने-माने शिक्षक अवध ओझा आज आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। उनके अनुभव और दृष्टिकोण से हमारी शिक्षा नीति को नई दिशा मिलेगी। शिक्षा को लेकर हमारी नीतियों और काम से प्रेरित होकर उन्होंने पार्टी के साथ कदम मिलाया है। हम उनका अपने परिवार में हार्दिक स्वागत करते हैं। बाबा साहब के सपनों को पूरा करने के लिए मिलकर काम करेंगे। वहीं अवध ओझा के आम आदमी में शामिल होने के बाद मनीष सिसोदिया ने एक्स पर एक लंबा पोस्ट किया। उन्होंने कहा, करोड़ों युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत और जाने-माने शिक्षक अवध ओझा का आम आदमी पार्टी में तहे दिल से स्वागत है। आपकी विद्वता और मार्गदर्शन से पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। वैसे तो आम आदमी पार्टी में समय-समय पर बड़े-बड़े लोग शामिल होते रहे हैं, लेकिन अवध ओझा का पार्टी में आना मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बेहद खुशी और गर्व का दिन है। मैंने अपना जीवन शिक्षा के लिए समर्पित किया है और अगर मुझे राजनीति और शिक्षा में से किसी एक को चुनना पड़े, तो मैं हर बार शिक्षा पर काम करने को ही चुनूंगा। उन्होंने आगे कहा, अवध ओझा ने भी अपने जीवन को शिक्षा के लिए समर्पित करने का निर्णय लिया है। उनकी मेहनत और समर्पण ने करोड़ों युवाओं को प्रेरित किया है और उन्हें सही दिशा दिखाने का कार्य किया है। अवध ओझा का आम आदमी पार्टी की टीम में शामिल होना हमारे शिक्षा के मिशन को कई गुना गति, ताकत और गहराई प्रदान करेगा। अब तक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी ने शिक्षा के क्षेत्र में जो ऐतिहासिक काम किए हैं, मुझे पूरा विश्वास है कि ओझा के पार्टी का हिस्सा बनने के बाद इस काम में और भी अधिक रफ़्तार और गहराई आएगी। आपका साथ हमारे शिक्षा के मिशन को और अधिक ताकतवर बनाएगा और युवाओं व समाज के बेहतर भविष्य की ओर एक मजबूत कदम होगा। एक बार फिर, अवध ओझा का पार्टी में तहे दिल से स्वागत है!

## किसानों के दिल्ली कूच को लेकर बॉर्डर पर हो रही है चेकिंग, लगा हुआ है लंबा जाम



नोएडा । किसान आंदोलन और उनके दिल्ली कूच करने के इरादे को देखते हुए दिल्ली-नोएडा के सभी बॉर्डर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जहां पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है इस चेकिंग अभियान के जरिए आम जनता को भारी जाम का सामना करना पड़ रहा है और कई किलोमीटर तक गाड़ियां रेंगती नजर आ रही हैं। पुलिस की तरफ से जारी किए गए बयान के मुताबिक 2 दिसंबर को किसानों के दिल्ली आह्वान को लेकर दिल्ली/बार्डर एरिया में चेकिंग की जा रही है, जिसमें यातायात धीमी गति से संचालित हो रहा था, वर्तमान में सभी रेड लाइट को निरन्तर ग्रीन कर दिया गया है। एक बार फिर यातायात सामान्य गति से संचालित है। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस यातायात को सुचारू रूप से संचालित करा रही है। पुलिस अपने इस बयान के जरिए यह बताने की कोशिश कर रही है कि जाम को खुलवा दिया गया है। लेकिन सड़कों पर उतरे वाहन चालकों को मिनटों का सफर घंटे में तय करना पड़ रहा है। यह स्थिति तब बनी हुई है जब अभी तक किसानों ने अपने मीटिंग प्वाइंट तक पहुंचना शुरू भी नहीं किया है। हालांकि यातायात विभाग के मुताबिक डायवर्जन प्लान तैयार कर लिया गया है और जरूरत के हिसाब से उसे लागू किया जाएगा। महामाया फ्लाईओवर एक केंद्र बिंदु है जहां पर सभी किसानों को एकत्र होना है और फिर यहां से दिल्ली की तरफ बढ़ना है। यहां से कालिंदी कुंज के जरिए और डीएनडी और उसके बाद चिल्ला बॉर्डर के जरिए दिल्ली की तरफ जाया जा सकता है, जहां पर दिल्ली पुलिस और यूपी पुलिस दोनों ही तरफ से चेकिंग अभियान चलाकर किसी भी किसान को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश कर रही है।

## गलगोटिया विश्वविद्यालय में 12 में अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय और सूचना सम्मेलन का आज हुआ समापन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



नोएडा। गलगोटियाज विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय 12वें अंतर्राष्ट्रीय पुस्तकालय और सूचना सम्मेंलन आज समापन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. रमेश सी. गौर, डीन (अकादमिक) और निदेशक (पुस्तकालय एवं सूचना), प्रमुख - कला निधि प्रभाग, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (इ्वतह्न-ष्ट), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार रहे। उन्होंने विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस सम्मेलन में देश विदेश से 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । जिसमें फ्रॉस, जर्मनी, जापान, यू0के0 (लन्दन), न्यूयार्क (यूएसए), फ़िलीपींस, इन्डोनेसिया, थाईलैंड, बाँगला देश आदि जैसे कई देशों के प्रतिनिधि सम्मिलित रहे। इस सम्मेलन में 84 शोध पत्र भी प्रस्तुत किये गये। और विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। विदेशों से आये प्रतिनिधियों गलगोटियाज विश्वविद्यालय के सुन्दर इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट क्लास रूम, आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित लैबोरेटरियों और स्मार्ट लाइब्रेरी का अवलोकन करने बाद विश्वविद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के परिसर को देखने से ही पता चलता है कि सही मायनों में ही गलगोटियाज विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के चहुँमुखी विकास के लिये सदैव कृत संकल्पित है। 29 नवम्बर से 1 दिसंबर 2024 तक चलने वाले इस तीन दिवसीय 12वें अंतर्राष्ट्रीय पुस्तकालय और सूचना सम्मेलन के समापन समारोह में सम्मेलन की विषयवस्तु पर बोलते हुए एनटीयू सिंगापुर के प्रोफ़ेसर लीचूकेयोंग ने कहा कि लाइब्रेरियन्स को जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अन्वेषण और प्रयोग करना चाहिए ताकि इसकी संभावनाओं और सीमाओं को समझा जा सके। यूनिवर्सिटी ऑफ़ स्ट्रासबोर्ग फ्रॉस के प्रोफ़ेसर जीन चार्ल्स लैमिरल ने बताया कि एआई उपकरणों की हालिया प्रगति अभी भी इस बात पर सवाल उठाती है कि क्या वे सीधे तौर पर पुस्तकालय सेवाओं को बेहतर बनाने के उपकरण के रूप में लागू होने के लिए पर्याप्त हैं। हमें इस बात का विशेष रूप से ध्यान देना होगा। इन्डोनेशिया से आई यूनिवर्सिटी लाइब्रेरीयन डॉ. लाबीबाह जेन ने कहा कि पुस्तकालय गतिविधियों में सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) के कार्यक्रम को एकीकृत करना आवश्यक है। पुस्तकालय को अपनी गतिविधियों के माध्यम से समाज की समस्याओं का समाधान प्रदान करना चाहिए। न्यूयार्क यूएसए से अमेरिकन लाइब्रेरी की प्रेज़िडेंट डॉ. एमिली ड्राबिंस्की - अपने 7800 किलोमीटर के अमेरिकी पुस्तकालय दौरे के अनुभवों के आधार पर, एमिली ड्राबिंस्की ने इन संस्थानों की शक्ति को साझा किया। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय सांस्कृतिक स्मृतियों को संरक्षित करते हैं, साक्षरता का विस्तार करते हैं, बच्चों को भोजन और मनोरंजन प्रदान करते हैं, और लोगों को सीमाओं के पार जोड़ते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ़ शेफ़ील्ड यू0 के0 से डा0 लियो एपलैनटोन ने अकादमिक पुस्तकालयों को प्रभावित करने वाले वर्तमान तकनीकी रुझानों और जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (GenAI) के साथ काम करने और उसे विकसित करने के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर चर्चा की। ऐसी रणनीतियों को अन्य तकनीकी विकास, जैसे ओपन साइंस, ओपन एजुकेशन, और डिजिटल संग्रह के विकास, के साथ पूरक होना चाहिए। जापान की यूनिवर्सिटी त्सुकुबा में एजुकेशन ब्यूरो ऑफ़ लैबोरेटरी स्कूल, लाइब्रेरी और इन्फ़ॉर्मेशन साइंस की डायरेक्टर डॉ. साओरी डोंकाई ने कहा कि डिमेंशिया फ्रेंडली लाइब्रेरीज़-सार्वजनिक पुस्तकालयों को सामाजिक उपकरण के रूप में स्थापित करना होगा जो डिमेंशिया के प्रति कलंक को कम करने में सहायता कर सकें। गलगोटियाज विश्वविद्यालय के सीईओ डा0 ध्रुव गलगोटिया ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को अपनी शुभकामनाएँ दीं। और कहा कि हमारे पुस्तकालय ज्ञान, अध्ययन और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का आधार हैं, और डिजिटल युग में इनका विकास अत्यधिक महत्वपूर्ण है। हम नयी तकनीक से पूरी दुनिया में विकास को नई गति देंगे।
गलगोटियाज विश्वविद्यालय के लाइब्रेरियन डा0 देबल सी0 कार ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। गौत्तम बुद्ध यूनिवर्सिटी की डिप्टी लाइब्रेरियन डा0 माया देवी ने वोट ऑफ़ थैंक्स करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। देहली यूनिवर्सिटी के दौलतराम कॉलेज से डा0 पवन त्रिपाठी सैशन कॉर्डिनेडर की विशेष भूमिका में रहे।

## दिल्ली में एक्यूआई में मामूली सुधार होने से लोगों ने ली राहत की सांस

नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी में सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 273 के साथ 'खराब' श्रेणी में रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में रविवार को 24 घंटे का औसत एक्यूआई 285 रहा, जो 'खराब' श्रेणी में सुधार बताता है। यहां एक्यूआई लगातार 32 दिनों तक 'बहुत खराब' श्रेणी में रहा तथा 'गंभीर' वायु गुणवत्ता (एक्यूआई 400 से अधिक) की स्थिति भी आई। इसके बाद वायु गुणवत्ता में मामूली ही सही, सुधार राहत की बात है। सीपीसीबी के अनुसार, दिल्ली में इससे पहले आखिरी बार 29 अक्टूबर को वायु गुणवत्ता 268 एक्यूआई के साथ 'खराब' श्रेणी में दर्ज की गई थी। विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर-पश्चिमी शुष्क हवाओं और पर्याप्त धूप से यह सुधार हुआ है क्योंकि इन हवाओं से प्रदूषक तत्वों को दूर करने में मदद मिली है। हालांकि दिल्ली की वायु गुणवत्ता सामान्य से बहुत दूर है। 201 से 300 के बीच एक्यूआई अब भी संवेदनशील लोगों के लिए हानिकारक माना जाता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 को 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 201 से 300 को 'खराब', 301 से 400 को 'बेहद खराब' और 401 से 500 को 'गंभीर' माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 0.9 डिग्री अधिक रहा। आईएमडी ने बताया कि अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने के आसार हैं और सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 89 प्रतिशत दर्ज किया गया।

# सिंहस्थ के साथ ही उज्जैन का पुरातन वैभव और बढ़ेगा -नड्डा



उज्जैन । केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सिंहस्थ 2028 की कार्ययोजना और तैयारियों के संबंध में कलेक्टर सभागृह में आयोजित प्रजेंटेशन को बहुत शानदार बताते हुए कहा कि इसी सोच के साथ इस कार्ययोजना को जमीन पर उतारा गया तो उज्जैन अपनी संस्कृतिक, धार्मिक, पौराणिक विरासत को संजोने में सफल होगा। श्री नड्डा ने कल उज्जैन प्रवास के दौरान ये प्रजेंटेशन देखा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी उपस्थित रहे। श्री नड्डा ने कहा कि उज्जैन अपनी धार्मिक सांस्कृतिक और पौराणिक विरासत को समेटे हुए हैं, इस प्रकार की कार्य योजना से उज्जैन का पुरातन वैभव और बढ़ेगा एवं राजा विक्रमादित्य की अवंतिका का स्वरूप प्राप्त होगा। प्रजेंटेशन के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कपिला गौशाला और शिप्रा को प्रवाहमान बनाने की कार्य योजना की जानकारी स्वयं दी। उन्होंने कहा कि इन कार्य योजना से कम से कम कीमत में शिप्रा को अविरल एवं स्वच्छ कर पाएंगे और सिंहस्थ 2028 में क्षिप्रा जल से ही स्नान होगा। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही गौवंश को सुरक्षित करने की कार्ययोजना के संबंध में बताया कि सभी प्रमुख शहरों में 10 हजार गौवंश को रखने के लिए गौशालाएं बनाई जा रही हैं। कम से कम खर्चे में वह कम से कम मानव शक्ति का प्रयोग कर इन गौशालाओं का संचालन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कार्ययोजना को मूर्तरुप देने के लिए उल्टी गिनती के साथ कार्य शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। डॉ यादव ने बताया कि इस बार सिंहस्थ में क्षिप्रा नदी के दोनों ओर बेसाल्ट पत्थर से स्थायी घाटों का निर्माण होगा, जिससे आने वाले समय में क्षिप्रा नदी के स्वरूप को स्थायित्व मिलेगा और आगामी सिंहस्थों में अतिरिक्त घाटों के निर्माण की आवश्यकता नहीं होगी। सिंहस्थ 2028 तक शिप्रा नदी को प्रवाहमान एवं अविरल करने के लिए, कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना, सेवरखेडी-सिलारखेडी मध्यम परियोजना तथा कान्ह एवं क्षिप्रा नदी पर बैराज का निर्माण व बेसाल्ट से घाटों का निर्माण एवं संबद्ध कार्य किए जा रहे है। कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना का मुख्य उद्देश्य कान्ह नदी के दूषित जल को उज्जैन शहर में क्षिप्रा नदी में मिलने से रोकना है, जिससे कि क्षिप्रा का जल पवित्र बना रहे। इस परियोजना में ग्राम जमालपुर तहसील उज्जैन में कान्ह नदी पर एक बैराज का निर्माण किया जाना है, जिससे कान्ह नदी के दूषित जल को क्लोज डक्ट के माध्यम से व्यपवर्तित किया जाना है। परियोजना की कुल लम्बाई 30.15 किलोमीटर है। सिंहस्थ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के स्नान करने हेतु क्षिप्रा नदी पर कुल 29 किलोमीटर लम्बाई में शनि मंदिर से नागदा बायपास तक घाटों का निर्माण किया जाएगा। योजना की कुल लागत राशि रुपये 778.91 करोड़ है, तथा प्रस्तावित पूर्णता अवधि 36 माह है। सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं के सुगम एवं गतिशील पहुँच के लिए रोपवे रेलवे स्टेशन से महाकालेश्वर मंदिर तक, रेलवे स्टेशन का उन्नयन, सदावल हेलिपैड तथा एयरस्ट्रिप का उन्नयन तथा बहुद्देशीय रोड परियोजनाएं पर कार्य किया जा रहा है। संभागायुक्त संजय गुप्ता एवं कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने जानकारी दी कि रेलवे स्टेशन से महाकालेश्वर मंदिर तक रोप-वे निर्माण किया जा रहा है। इसकी परियोजना की लागत रुपये 199 करोड़ है तथा इससे 1.76 किमी के रोप वे का निर्माण किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 10 यात्री की क्षमता वाले 48 केबिन के माध्यम से श्रद्धालुओं का आवागमन होगा।

# हरियाणा में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेर बदल, 44 आईएएस अधिकारियों के तबादले




चंडीगढ़ । हरियाणा में रविवार देर रात बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। इस दौरान 44 आईएएस अधिकारियों के तबादले हुए है। हरियाणा में नई सरकार के गठन के बाद पहली बार बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। प्रदेश सरकार ने 44 आईएएस अधिकारियों के तबादलों का आदेश दिया है अगर कुछ महत्वपूर्ण आईएएस अधिकारियों के तबादले की बात करें तो, आईएएस अनुराग रस्तोगी को सबसे अहम वित्त आयुक्त राजस्व (एफसीआर), वित्त विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईएएस सुमिता मिश्रा को गृह सचिव नियुक्त किया गया है। गृह मंत्रालय खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास है। वहीं, आईएएस सुधीर राजपाल को स्वास्थ्य एवं एविएशन विभाग के साथ चिकित्सा शिक्षा अनुसंधान और आयुष विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईएएस अफसर अशोक खेमका को अनिल विज के महकमे की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें परिवहन विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। आईएएस अधिकारी डी सुरेश को हरियाणा भवन नई दिल्ली का रेजिडेंट कमिश्नर और उद्योग विभाग एवं वाणिज्य विभाग का प्रधान सचिव बनाया है। आईएएस अधिकारी श्यामल मिश्र को हरियाणा व्यापार मेला प्राधिकरण, नई दिल्ली का मुख्य प्रशासक, फरीदाबाद व गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण का मुख्य कार्यकारी अधिकारी और नागरिक उड्डयन विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। हरियाणा सरकार ने सौंजी रजनी कान्थन को परिवहन आयुक्त, फूलचंद मीना को अंबाला डिवीजन का कमिश्नर, ए श्री निवास को हिसार डिवीजन का आयुक्त और दक्षिण हरियाणा बिजली निगम का एमडी नियुक्त किया है। आनंद मोहन शरण को पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग के साथ खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईएएस अधिकारी विनीत गर्ग को उच्चतर शिक्षा विभाग के साथ हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आईएएस अधिकारी अमित कुमार अग्रवाल को विकास एवं पंचायत विभाग, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग और विदेश विभाग का आयुक्त एवं सचिव नियुक्त किया गया है। आईएएस अधिकारी राजीव रंजन को मत्स्य व श्रम विभाग का प्रधान सचिव लगाया गया है। विजय सिंह दहिया को मुद्रण विभाग और पशुपालन विभाग का आयुक्त एवं सचिव और अमनीत पी कुमार को महिला एवं बाल विकास विभाग और अभिलेखागार विभाग में आयुक्त एवं सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। आईएएस अधिकारी मोहम्मद साइन को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का आयुक्त एवं सचिव और संजय जून को अतिरिक्त जिम्मेदारी देते हुए मौजूदा नियुक्तियों के साथ फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड का मुख्य कार्यकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, हरियाणा सीएमओ की हिस्सा रहीं आशिमा बराड़ को सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय, आबकारी एवं कराधान आयुक्त और हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम का एमडी नियुक्त किया गया है। आईएएस अधिकारी संजीव वर्मा को खेल, आयुष और विदेश सहयोग विभाग का डायरेक्टर नियुक्त किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक - दर्दनाक सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत, 10 से अधिक घायल

तुमकुर । कर्नाटक के तुमकुर शहर के पास सोमवार तड़के भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई है। जबकि 10 से अधिक घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो यह सड़क हादसा तुमकुर के पास कल्लंबेला के नजदीक चोक्कनहल्ली पुल के पास बताया जा रहा है। यहां पर सुबह करीब 4 बजे एक निजी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें तीन महिलाओं की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त निजी बस गोवा से बेंगलुरु की तरफ जा रही थी। बस चालक द्वारा नियंत्रण खो देने से बस पलट गई। हादसे के वक्त यात्री सो रहे थे। तीन महिलाओं की मौत के अलावा 10 अधिक अन्य यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। बस पलटने के बाद लोग उसमें से निकलने का प्रयास करने लगे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उनकी मदद की। हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परिवार में रोष का माहौल है, उनका रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, घायलों को इलाज चल रहा है। उनको जिला के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे को लेकर कल्लंबेला पुलिस ने स्टेशन मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### बिहार में अपराधियों ने राजद नेता के पिता की कर दी हत्या

मुंगेर । बिहार के मुंगेर जिला के हरपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने राजद के पंचायत अध्यक्ष कुंदन कुमार के पिता की बेरहमी से हत्या कर दी और फरार हो गए। घटना के पीछे भूमि विवाद की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, हरपुर थाना के बेल बिहमा गांव निवासी श्याम सुंदर यादव (65) रविवार की रात खाना खाकर घर के समीप बगीचे में सोए थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने उनके सिर पर तेजधार वाले हथियार से वार कर दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह जब घर के सदस्य उन्हें जगाने के लिए पहुंचे तो श्याम सुंदर यादव का शव पड़ा हुआ था। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। इस घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतक किसान थे और अपने घर के बाहर ही रोजाना की तरह कंबल ओढ़कर बगीचे में सोए हुए थे। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। तारापुर के पुलिस निरीक्षक विवेक राज ने बताया कि डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। हत्या की घटना हुई है। हत्या के कारणों को लेकर जांच की जा रही उन्होंने कहा कि हत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल रहा है। लेकिन, प्रथम दृष्टया भूमि विवाद के कारण हत्या की बात कही जा रही मृतक का बड़ा बेटा राजद का पंचायत अध्यक्ष है। मृतक के परिवार से गांव के कुछ लोगों का जमीन विवाद चल रहा है।

### मुख्यमंत्री ने क्रिकेट स्टेडियम के लिए केएससीए को 50 एकड़ भूमि सौंपी

कर्नाटक । मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाने के लिए सोमवार को तुमकुरु में 50 एकड़ जमीन कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) को सौंपी। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने जिले में विकास को बढ़ावा देने के लिए परियोजना की क्षमता पर जोर दिया। सिद्धरमैया ने कहा, ''हमने एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाने के लिए कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ को 50 एकड़ जमीन आवंटित की है। यह पहल क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि और समग्र विकास में योगदान देगी।'' उन्होंने केएससीए से क्रिकेट प्रेमियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए निर्माण में तेजी लाने का आग्रह किया। सिद्धरमैया ने आश्वासन दिया कि मैसुरु में इसी तरह की एक और परियोजना के लिए भी भूमि आवंटित की जाएगी। उन्होंने कहा, ''कर्नाटक क्रिकेट राज्य संघ ने मैसुरु में एक स्टेडियम के लिए भूमि की मांग की है। हम इस मांग को भी पूरा करेंगे।'' गृह मंत्री और जिला प्रभारी मंत्री जी परमेश्वर समेत अन्य मंत्री भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

### राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्यपाल से भेंट की



जयपुर । राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। एक सरकारी बयान के अनुसार इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर उनसे चर्चा की। राज्यपाल के साथ मुख्यमंत्री की यह शिष्टाचार भेंट थी।

### तमिलनाडु में अन्नामलाईयार पहाड़ी में फंसे सात लोगों की तलाश शुरू

तिरूवन्नमलाई । राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के दल ने जिले के अन्नामलाईयार पहाड़ी क्षेत्र में सात लोगों के ''फंसे'' होने की आशंका के मद्देनजर सोमवार को एक इमारत के ऊपर से मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया। अभियान में शामिल दल, श्वान दस्ते के साथ घटना स्थल पर पहुंचा। तिरूवन्नमलाई के जिलाधिकारी डी भास्कर पांडियन ने तलहटी पर वीओसी नगर में प्रभावित घर का निरीक्षण करने के बाद कहा, ''स्थानीय लोगों के अनुसार इस इमारत में पांच बच्चों सहित सात लोग रह रहे थे। यह पता नहीं लग पाया है कि ये लोग अभी वहीं हैं या (भारी बारिश के कारण) कहीं और शरण ले चुके हैं। बचाव अभियान से ही स्पष्ट हो पाएगा।'' जिलाधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि रविवार को चक्रवात 'फेंगल' के प्रभाव से हुई भारी बारिश के कारण पहाड़ी की चोटी पर मिट्टी खिसकने से एक पत्थर लुढ़क गया। उन्होंने कहा, ''इसकी वजह से एक घर पूरी तरह मलबे में दब गया। मैं और पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे।'' पहाड़ी पर अब भी एक पत्थर इस हालत में है कि वह कभी भी गिर सकता है। उन्होंने कहा, ''हालांकि अभी बारिश नहीं हो रही है, लेकिन रात भर हुई बारिश के कारण पहाड़ी पर मिट्टी खिसकने की आशंका है। इसलिए, हमने अब तक इलाके से 50 से 80 लोगों को निकाल लिया है। घर पूरा मलबे से ढक गया है।'' एक अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ के दल ने जिला प्रशासन, पुलिस और अग्निशमन एवं बचाव सेवा विभाग के साथ मिलकर बचाव अभियान शुरू कर दिया है।

# सपा के बाद कांग्रेस ने किया संभल जाने का ऐलान, पुलिस ने लगाया कड़ा पहरा

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के बाद अब कांग्रेस ने भी संभल जाने का ऐलान किया है। लखनऊ में कांग्रेस दफ्तर के बाहर पुलिस को तैनात किया गया है। कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल संभल में मारे गए परिवार वालों से मिलने के लिए जाने की तैयारी कर रहा है। उधर पुलिस भारी संख्या में कांग्रेस कार्यालय के बाहर पहुंच गई। कार्यालय की तरफ जाने वाले मार्गों पर रोक लगा दी गई है। 12 बजे इस काफिले के निकलने की बात कही जा रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पुलिस ने मुझे नोटिस जारी किया है। कहा है कि मेरे दौरे से अव्यवस्था फैलेगी। निश्चित रूप से हम भी अव्यवस्था नहीं, बल्कि शांति चाहते हैं। पुलिस और सरकार ने वहां जो अत्याचार और अन्याय किया है, मैं चाहता हूं कि मेरे नेतृत्व को यह पता चले। उन्होंने कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ताओं ने निर्णय लिया कि हम अपने पार्टी कार्यालय में एक ही स्थान पर रहेंगे। यहां कार्यकर्ताओं से बातें हुईं और आगे की रणनीति तय हुई। हम वहां (संभल) जाने का प्रयास करेंगे। हम सब लड़ेंगे और न्याय दिलाएंगे। विधानसभा में कांग्रेस की नेता विपक्षी दल आराधना मिश्रा ने कहा कि संभल में बहुत बड़ी घटना हुई है। वहां पांच लोगों की गोली लगने से मौत और 30 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। यह सामान्य घटना नहीं है। काफी बड़ी घटना है। कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में जाना चाहता है। हम लोग वहां सही तथ्य को पता करने लिए जाना चाहते थे। वहां शांति की अपील करना चाह रहे थे। कल रात से मुझे हाउस अरेस्ट किया गया। प्रदेश अध्यक्ष के अलावा अन्य नेताओं को भी रोका जा रहा हैं। सरकार की अराजकता है। वह अपनी नाकामी छुपाना चाहते है। 163 संभल में लागू है, लखनऊ में नहीं। हमें घर से नहीं निकलने दिया जा रहा है। यह सरकार की गुंडागर्दी है। इधर पुलिस ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को नोटिस जारी कर हिंसा प्रभावित संभल का दौरा न करने को कहा है। अजय राय को दिए गए नोटिस में उन्हें बताया गया है कि संभल जिले में शांति और सांप्रदायिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए वह जनहित में सहयोग करें और अपना प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित करें। ताकि संभल जिले के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पारित धारा 163 बीएनएसएस के आदेश का उल्लंघन न हो। दरअसल प्रशासन ने दस दिसंबर तक संभल आने पर रोक लगा रखी है। बीते दिनों सपा के कई नेताओं ने वहां जाने की कोशिश की थी। सपा विधानमंडल दल के नेता और प्रदेश अध्यक्ष को वहां जाने से रोक दिया गया था। इकरा हसन सहित कुछ और सांसदों को भी वहां नहीं जाने दिया गया था। ज्ञात हो कि शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान 24 नवंबर को हुई हिंसा की पड़ताल के लिए गठित न्यायिक आयोग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। तीन सदस्यीय आयोग के दो सदस्य रविवार को संभल पहुंचे और हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर अफसरों से जानकारी ली।

आयोग की टीम जामा मस्जिद भी गई और मस्जिद कमेटी के सदस्यों से मुलाकात की। इस बीच, मंडल आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि हिंसा के जिम्मेदारों के खिलाफ सबूत जुटाए जा रहे हैं।

# पीएम मोदी, अमित शाह समेत कई नेताओं ने दी जेपी नड्डा के जन्मदिन पर शुभकामनाएं



नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का सोमवार को जन्मदिन है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेपी नड्डा के संगठनात्मक कार्य की तारीफ करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं नड्डा को वर्षों से जानता हूं और पार्टी में उनके उल्लेखनीय योगदान का गवाह हूं। उन्होंने हर संगठनात्मक, विधायी और कार्यकारी जिम्मेदारी को पूरी लगन से निभाया है। वे स्वस्थ भारत सुनिश्चित करने के प्रयासों में सबसे आगे हैं। ईश्वर उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन प्रदान करे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जेपी नड्डा के बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हुए 'एक्स' पर लिखा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपके नेतृत्व में संगठन विस्तार व विश्वास का सुंदर कालखंड देख रहा है। साथ ही, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने में आप सराहनीय योगदान दे रहे हैं। ईश्वर से आपकी दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 'एक्स' पर लिखा, केंद्रीय कैबिनेट में मेरे साथी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आप स्वस्थ और दीर्घायु रहें, ईश्वर से यही कामना करता हूं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! प्रभु श्री राम से आपके स्वस्थ, सुदीर्घ एवं सुयश पूर्ण जीवन की प्रार्थना है। इन दिग्गज नेताओं के अलावा पार्टी के भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेता, संगठन के नेता और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा जेपी नड्डा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

# सड़क हादसे में एक छात्र की मौत, दो अन्य युवक घायल

जयपुर । राजस्थान के दौसा जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में रविवार रात एक सड़क हादसे में एक छात्र की मौत हो गई तथा दो अन्य युवक घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि हादसा कड़ी कोठी रोड स्थित मुंडियाखेड़ा गांव के पास उस समय हुआ जब तेज गति से जा रही एक बाइक अनियंत्रित हो गई तथा सड़क किनारे खड़े डंपर से टकरा गई। उन्होंने बताया कि हादसे में बाइक सवार मोहित सैनी (19) की मौत हो गई। वह 11वीं कक्षा में पढ़ता था और अपने दो साथियों के साथ देर शाम बाइक से किसी कार्यक्रम में शामिल होकर गांव लौट रहा था। पुलिस ने बताया कि सोमवार की सुबह मृतक छात्र का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उन्होंने बताया घायलों को उपचार के लिये नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पाकिस्तानी नौसेना को मजबूत बना रहा है चीन, भारत भी तैयार- नौसेना प्रमुख




नई दिल्ली । नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को कहा कि चीन पाकिस्तान की नौसेना को युद्धपोतों तथा पनडुब्बियों से लैस कर मजबूत बनाने में लगा है लेकिन भारत किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय नौसेना की हिन्द महासागर में सभी नौसेनाओं की गतिविधियों पर कड़ी नजर रहती है और चीन की पनडुब्बी पिछले वर्ष इस क्षेत्र में आयी थी और फिर कराची गयी थी लेकिन उसके बाद से चीनी की पनडुब्बी इस क्षेत्र में दिखाई नहीं दी है। चीन और बंगलादेश की नौसेनाओं के बीच सहयोग के बारे में एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि उनके बीच प्रशिक्षण और अभ्यास होता है। बंगलादेश की नौसेना भारत के साथ भी अभ्यास करती है। हालाकि बंगलादेश में बदले हालातों के बीच चीन की नौसेना और बंगलादेश की नौसेना के बीच गठजोड़ की रिपोर्टों पर उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। नौसेना दिवस चार दिसम्बर से पहले सोमवार को यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि सरकार ने नौसेना के लिए दो और परमाणु पनडुब्बियों की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि नौसेना आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से काम कर रही है और अभी 62 युद्धपोत तथा एक पनडुब्बी देश में ही बनायी जा रही है। एडमिरल त्रिपाठी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत पाकिस्तान की नौसेना की हैरान कर देने वाली मजबूती से अवगत है और रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि उसे अगले एक दशक में 50 प्लेटफार्म मिलने वाले हैं। उन्होंने कहा कि यह अफसोस की बात है कि पाकिस्तान ने लोगों के कल्याण की जगह हथियारों को चुना है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को शुभकामनाएं । नौसेना प्रमुख ने कहा कि चीन पाकिस्तान की नौसेना को मजबूत बनाना चाहता है और पाकिस्तान के कई युद्धपोत तथा पनडुब्बी या तो चीन में बन रहे हैं या उसकी मदद से बन रहे हैं। चीन की मदद से पाकिस्तान नौसेना के लिए आठ पनडुब्बी बनायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना भी मजबूती हासिल कर रही है और भारत पड़ोसी देशों की सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दक्षिण चीन सागर में भारत अपने हितों की रक्षा के लिए मुस्तैद है लेकिन दूसरे देशों के साथ जो होता आ रहा है उसमें कोई बदलाव नहीं आया है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि समुद्र सभी के लिए खुला है और सभी उसमें गतिविधियों के लिए स्वतंत्र है लेकिन जहां तक हितों की सुरक्षा का मामला है हम उसके लिए सजग हैं और विशेष रूप से हिन्द महासागर में किसी भी तरह की गतिविधि भारतीय नौसेना की नजर से नहीं बच सकती। उन्होंने कहा कि चीन की एक पनडुब्बी पिछले वर्ष हिन्द महासागर क्षेत्र में दिखाई थी जिसके बाद वह कराची जाने के बाद वापस चली गयी। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि चीन विश्व शक्ति बनने की कोशिश में है। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि नौसेना के लिए फ्रांस से 26 मरीन राफेल लड़ाकू विमान की खरीद से संबंधित प्रक्रिया अंतिम चरण में है और इस सौदे को जल्दी ही केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति की मंजूरी मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि यह सरकार से सरकार के बीच खरीद प्रक्रिया है इसलिए संभावना है कि इसमें ज्यादा समय नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने नौसेना के लिए दो और परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों की मंजूरी दे दी है। नौसेना की योजना उसके बेड़े में छह परमाणु पनडुब्बी शामिल करने की है। इसमें करीब एक दशक का समय लग सकता है। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि नौसेना तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ रही है। अभी देश में 62 युद्धपोत और एक पनडुब्बी निर्माणाधीन है। इसके अलावा 31 अत्याधुनिक युद्धपोतों और प्रोजेक्ट -75 की छह पनडुब्बियों को भी जरूरत के आधार पर मंजूरी दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा दो युद्धपोत रूस में बनाये जा रहे हैं। नौसेना के लिए 60 बहुउद्देशीय हेलिकोप्टरों की खरीद को भी जरूरत के आधार पर मंजूरी दी गयी है। ये नौसेना के चेतक हेलिकॉप्टरों की जगह लेंगे। नौसेना प्रमुख ने इस मौके पर नौसेना को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से तैयार 'भारतीय नौसेना विजन 2047' दस्तावेज भी जारी किया।

# प्रयागराज- महाकुंभ 2025 की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही



प्रयागराज । उत्तर प्रदेश में प्रयागराज की पावन धरती पर 12 वर्षों बाद 2025 में महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होगा। महाकुंभ की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। आधिकारिक अनुमान के अनुसार, महाकुंभ मेले में लगभग 43 करोड़ तीर्थयात्रियों के आने का अनुमान है। व्यापक तैयारियां चल रही हैं और संगम से लेकर महाकुंभ तक सभी विकास गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। महाकुंभ मेला 2025 की तैयारियों की सक्रिय रूप से निगरानी कर रहे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे इस आयोजन में शामिल होने वाले भारत और विदेश के तीर्थयात्रियों के लिए एक सहज अनुभव प्रदान करें। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पीडब्ल्यूडी ने भी अपनी रफ्तार बढ़ा दी है और पांटून पुलों के साथ-साथ सड़कों के रेनोवेशन के काम में भी तेजी देखने को मिल रही है। एक दिसंबर तक लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से 27 रोड्स का रिन्यूअल किया जा चुका है। जबकि, बाकी रोड्स के रिन्यूअल का काम 10 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी तरह 17 रोड्स के सौंदर्यीकरण का कार्य भी 5 दिसंबर तक पूरा होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि पीडब्ल्यूडी के पास कुल 89 परियोजनाएं हैं, जिसमें से करीब 60 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि शेष 10 दिसंबर तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है। बीते बुधवार को सीएम योगी महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा की थी और आश्वासन दिया था कि आयोजन की सभी व्यवस्थाएं तय समय से एक महीने पहले 10 दिसंबर तक पूरी कर ली जाएंगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 दिसंबर को प्रयागराज आएंगे। यहां पीएम मोदी मां गंगा की आरती करेंगे और कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। सीएम के अनुसार, प्रधानमंत्री 'डिजिटल कुंभ' पर एक प्रेजेंटेशन भी देखेंगे और आयोजन की भव्यता बढ़ाने के लिए तैयार किए गए कार्यों का निरीक्षण करेंगे।

# धार्मिक स्थलों के सर्वे पर फारूक अब्दुल्ला ने कड़ी आपत्ति जताई, बोले- 'मैंने अल्लाह से दुआ मांगी हमें इन मुश्किलों से बाहर निकाले'



धार्मिक स्थलों के सर्वे पर फारूक अब्दुल्ला ने कड़ी आपत्ति जताई, बोले- 'मैंने अल्लाह से दुआ मांगी हमें इन मुश्किलों से बाहर निड्डुश्रीनगर । धार्मिक स्थलों के सर्वे को लेकर जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस (जेकेएनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कड़ी आपत्ति जताई है। उमराह से लौटने के बाद फारूक अब्दुल्ला ने श्रीनगर में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि मैंने अल्लाह से दुआ मांगी कि जो मुश्किलें आज हम पर हैं अल्लाह हमें इनसे बाहर निकाले। हम लोगों के लिए सही रास्ते बना। शैतान से हमें दूर रख। हमारे हिंदुस्तान में जो नफरत फैल रही है उस नफरत को खत्म कर। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जितना मुझसे हो सका मैंने अल्लाह के दरबार के सामने दुआ मांगी। अल्लाह हमारी मुश्किलों को आसान कर, हमारे भाईचारा को बरकरार रख। मजहबों में जो नफरतें पैदा की जा रही हैं, इन्हें खत्म कर। संभल में जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुई हिंसा और अजमेर की दरगाह के सर्वे की मांग पर उन्होंने प्रतिक्रिया दी है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि देश के मजहबों में नफरत पैदा की जा रही है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि मुसलमान असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मुसलमानों के साथ इस सरकार को एक समान व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मुसलमान इस समय असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मैं चाहता हूं कि सरकार इसे रोके। वे 24 करोड़ मुसलमानों को समुद्र में नहीं फेंक सकते। मुसलमानों के साथ एक समान व्यवहार कीजिए। हमारे देश के संविधान में धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। अगर वे इस देश के संविधान को नष्ट कर देंगे, तो भारत कहां रहेगा?' उन्होंने ये भी कहा कि मैंने अल्लाह से दुआ की है कि वो हमें इस मुश्किलों से बाहर निकाले।